


दैनिक

त्वदीय पाद पंकजम् नमामि देवी नर्मदे

आरएनआई क्र.MPHIN/2012/40924

# क्षितिज किरण

प्रेरणापुंज- विचित्र कुमार सिन्हा -- ब्यूरो प्रमुख भोपाल- विलक्षण सक्सेना

जबलपुर, होशंगाबाद एवं सीहोर से एक साथ प्रकाशित एकमात्र निर्भीक समाचार-पत्र

प्रधान सम्पादक-कृष्णकान्त सक्सेना वर्ष-14, अंक -30 जबलपुर, शुक्रवार 28 फरवरी 2025 कीमत-70 पैसे पृष्ठ-8 संपादक अरुण श्रीवास्तव


## जबलपुर में खाई में गिरी पिकअप, तीन की मौत, 20 घायल, विवाह पक्का करने जा रहा था परिवार





जबलपुर.( नगर प्रतिनिधि )। एमपी के जबलपुर स्थित बरेला रोड पर पिकअप वाहन अनियंत्रित होकर खाई में गिर गया. हादसे में एक वृद्ध की मौके पर मौत हो गई. वहीं 20 से ज्यादा लोग घायल हो गए थे, जिन्हे उपचार के लिए मेडिकल अस्पताल पहुंचाया गया. जहां पर दो अन्य लोगों की आज उपचार के दौरान मौत हो गई. घायलों का कहना है कि परिवार व रिश्तेदार शादी पक्की करने के लिए जा रहे थे.

पुलिस अधिकारियों के अनुसार ग्राम ऐठाखेड़ा बरेला निवासी रामेश्वर सिंह उम्र 70 वर्ष सहित परिवार के सदस्य व रिश्तेदार पिकअप वाहन से ग्राम चिरई पानी जिला मंडला जाने के लिए निकले. पिकअप वाहन जब तेजी से भागते हुए जब काशी महगवां से आगे बढ़ रहा था, इस दौरान चालक अपना संतुलन खो बैठा और अनियंत्रित होकर खाई में गिर गया. पिकअप वाहन सहित खाई में गिरते ही सवारियों में चीख पुकार मच गई. राह चलते लोगों ने देखा तो पुलिस को सूचना दी, मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए स्वास्थ्य केन्द्र पहुंचाया. जहां पर डाक्टरों ने जांच के बाद रामेश्वर सिंह को मृत घोषित कर दिया. वहीं अन्य घायलों को उपचार के लिए मेडिकल अस्पताल पहुंचाया. जहां पर आज सुबह दो अन्य की उपचार के दौरान मौत हो गई. वहीं करीब 25 से ज्यादा घायलों का इलाज किया जा रहा है. घायलों ने पुलिस को पूछताछ में बताया कि ऐठाखेड़ा गांव के मरावी परिवार के लोग शादी पक्की करने के लिए जा रहे थे.

पार्टी विधायकों के निलंबन पर कांग्रेस का विरोध प्रदर्शन

## हमें बदनाम करने की हो रही कोशिश- गहलोत




राजस्थान (आरएनएस)। राजस्थान कांग्रेस नेता और पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने अन्य कांग्रेस विधायकों के साथ राज्य विधानसभा में पार्टी के छह विधायकों के निलंबन को लेकर गुरुवार को राजस्थान विधानसभा के बाहर विरोध प्रदर्शन किया। मीडियाकर्मियों से बात करते हुए, गहलोत ने कहा कि सत्तारूढ़ दल को हमारे विरोध की कोई चिंता नहीं है। हमें उनकी ओर से कोई संदेश नहीं मिला है। वे गोविंद सिंह डोटासरा को निशाना बना रहे हैं। वे कांग्रेस को बदनाम करने की कोशिश कर रहे हैं। मैं (इस गतिरोध को खत्म करने के लिए) पिछले तीन दिनों से मुख्यमंत्री और विधानसभा अध्यक्ष से बात कर रहा हूं।

राज्य के एलओपी टीका राम जूली ने कहा कि वे हमें इस डर से विधानसभा में प्रवेश करने से रोक रहे हैं कि हम भी अपनी बात रखेंगे। सत्ता पक्ष तानाशाही कर रहा है। मैंने संसदीय मंत्री और मुख्यमंत्री से भी बात की। लेकिन सत्ता पक्ष नहीं चाहता कि यह गतिरोध खत्म हो। वे नहीं चाहते कि बजट पर चर्चा हो। राजस्थान कांग्रेस प्रमुख गोविंद सिंह डोटासरा ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय इंदिरा गांधी के खिलाफ की गई आपत्तिजनक टिप्पणियों को कार्यवाही से बाहर किया जाना चाहिए और मंत्री को माफी मांगनी चाहिए... सरकार के तानाशाही रवैये के कारण हम विधानसभा में प्रवेश नहीं कर पा रहे हैं और लोगों के मुद्दों पर चर्चा नहीं कर पा रहे हैं।

कांग्रेस विधायक पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी को लेकर राज्य मंत्री अविनाश गहलोत की कथित दादी टिप्पणी को लेकर विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। राजस्थान के मंत्री जोगाराम पटेल ने कहा कि हर गतिरोध का अंत समझौता है। हमारे दरवाजे खुले हैं। हम ईमानदारी से विधानसभा में सार्वजनिक मुद्दों पर चर्चा के लिए इस गतिरोध से आगे बढ़ना चाहते हैं। कांग्रेस को अपने अपमानजनक व्यवहार और अपमानजनक टिप्पणियों के लिए माफी मांगनी चाहिए। हम इस गतिरोध को तोड़ने के लिए यथासंभव लचीले होंगे।

## पीथमपुर में ही जलेगा यूनियन कार्बाइड का जहरीला कचरा, सुप्रीम कोर्ट का रोक से इनकार आज खोले जाएंगे कंटेनर

इंदौर (आरएनएस)। यूनियन कार्बाइड के जहरीले कचरे को जलाने का रास्ता साफ हो गया है। भोपाल से यह कचरा पीथमपुर लाया जा चुका है। सामाजिक कार्यकर्ता चिन्मय मिश्र ने इस पर रोक लगाने की मांग की थी, जिसे सर्वोच्च अदालत ने खारिज कर दिया। गुरुवार सुबह मामले को लेकर हुई सुनवाई में कोर्ट ने कहा कि याचिकाकर्ता चाहें तो इस संबंध में हाई कोर्ट के समक्ष आपत्ति दर्ज करा सकते हैं। कोर्ट ने शासन के उस जवाब को भी रिकॉर्ड पर ले लिया है, जिसमें कहा है कि कचरा जलाने के दौरान सभी नियमों का पालन सुनिश्चित किया जाएगा। पिछली सुनवाई में सुप्रीम कोर्ट ने मध्य प्रदेश सरकार से पूछा था कि धार जिले के पीथमपुर में भोपाल की यूनियन कार्बाइड फैक्ट्री का कचरा जलाने के दौरान कोई घटना होगी, तो उससे निपटने के लिए उसके पास क्या इंतजाम हैं। गुरुवार को सरकार ने जवाब दाखिर कर दिया। याचिका में आरोप था कि कचरा जलाने के दौरान अकस्मात आपदा होने की स्थिति में आपदा प्रबंधन के लिए कोई इंतजाम नहीं किए गए हैं। पीथमपुर में रि-सस्टेनेबिलिटी कंपनी के परिसर में पिछले दो माह से रखे यूनियन कार्बाइड के 337 टन कचरे के 12 कंटेनर में चार से पांच कंटेनर को गुरुवार को खोला जाएगा।

बिहार-चुनाव से पहले भाजपा ने खेला बड़ा दांव

## नीतीश कुमार का मंत्रिमंडल का विस्तार, सात विधायकों ने ली मंत्री पद की शपथ



पटना. (आरएनएस)। बिहार में इस साल विधानसभा चुनाव होने है. विधानसभा चुनाव से पहले राज्य में नीतीश कुमार का मंत्रिमंडल विस्तार हुआ है. सात विधायकों ने मंत्री पद की शपथ ली. ये सातों बीजेपी के कोटे से मंत्री बने है. सबसे पहले विधायक संजय सरावगी ने शपथ ली. संजय सरावगी दरभंगा से विधायक है. उन्होंने मैथिली में शपथ पत्र पढ़ा. बता दें कि बुधवार को बिहार में नीतीश सरकार का मंत्रिमंडल विस्तार हुआ है. शपथ ग्रहण समारोह में विजय मंडल, कृष्ण कुमार मंटू, राजू सिंह, जीवेश मिश्रा, सुनील कुमार, संजय सरावगी और मोतीलाल प्रसाद ने मंत्री पद की शपथ ली. इससे बिहार विधानसभा चुनाव से पहले प्रदेश सरकार में बीजेपी की भूमिका और मजबूत हुई है. बिहार मंत्रिमंडल विस्तार पर सीएम नीतीश कुमार ने प्रतिक्रिया दी है. उन्होंने सातों मंत्रियों को बधाई दी. वहीं उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बिहार के विकास को गति देने के लिए 7 मंत्रियों को मंत्री बनाया है मैं उन्हे बधाई देता हूं. बिहार के मंत्री जीवेश कुमार ने कहा मैं पीएम मोदी, गृह मंत्री, राष्ट्रीय अध्यक्ष को धन्यवाद करता हूं साथ ही साथ बिहार के मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री और अपने प्रदेश अध्यक्ष को धन्यवाद करता हूं कि उन्होंने मुझे इस लायक समझा कि पुनः मुझे दायित्व देने का काम किया है. कम समय में हमें ज्यादा काम करना है इसलिए हमें गति बढ़ाकर रखनी होगी. मंत्री राजू कुमार सिंह ने कहा कि आज जरूर क्षेत्रीय जनता खुद को गौरवान्वित महसूस कर रही होगी कि हमारा विधायक मंत्री बना है. मुझे अंदर से बहुत खुशी है लेकिन इसी के साथ जवाबदेही की भी चिंता सता रही है. विपक्षियों का सूपड़ा साफ हो जाएगा. हम पहले से ही बोल रहे हैं कि इस बार एनडीए 200 पार होगी और विपक्ष 40 से नीचे ही रहेगा. इससे पहले बिहार के राजस्व मंत्री और बीजेपी के प्रदेशाध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने अपने मंत्री पद से इस्तीफा दे दिया.

## पूरे प्रदेश में मनाया जाएगा राष्ट्रीय विज्ञान दिवस- मुख्यमंत्री डॉ. यादव

मुख्यमंत्री करेंगे सेंटर ऑफ एक्सीलेंस इन स्टेम एजुकेशन'' का शुभारंभ



भोपाल (आरएनएस)।- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि 28 फरवरी को मध्यप्रदेश में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाया जायेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर सेंटर ऑफ एक्सीलेंस इन स्टेम एजुकेशन'' का शुभारंभ करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव विद्यार्थियों के लिए आयोजित वर्कशॉप का अवलोकन कर उनसे संवाद भी करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव पूरे प्रदेश के विद्यार्थियों को ऑनलाईन माध्यम से राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर संबोधित करेंगे। प्रदेश में 250 से अधिक स्थानों पर पर कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। आयोजन में वैज्ञानिक, शिक्षक, शोधार्थी, विद्यार्थी एवं विज्ञान-प्रौद्योगिकी तथा नवाचार से संबंधित लोग शामिल होंगे।

बजट सत्र के दूसरे चरण में संसद में पेश करने की तैयारी

## वक्फ बिल में 14 बदलावों को मोदी सरकार ने दी मंजूरी



नई दिल्ली-(आरएनएस)। प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने संशोधित वक्फ (संशोधन) विधेयक को मंजूरी दे दी है, जिसमें संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) द्वारा दिए गए सुझाव शामिल थे। रिपोर्ट में कहा गया है कि बिल अब अगले संसद सत्र में पेश किया जाएगा, जो 10 मार्च से शुरू होगा। भाजपा सांसद जगदंबिका पाल ने जेपीसी समीक्षा का नेतृत्व किया और 27 जनवरी को विधेयक को अनुमति देने से पहले इसमें 14 संशोधनों को अपनाया। समिति की 655 पेज की रिपोर्ट बाद में 13 फरवरी को दोनों संसद सदनों में पेश की गई। वक्फ संशोधन विधेयक को भारतीय बंदरगाह विधेयक के साथ मंजूरी दे दी गई और इसे शेष बजट सत्र के लिए सरकार की प्राथमिकता सूची में जोड़ा गया है। कुल 66 संशोधन पेश किए गए - 23 सत्तारूढ़ भाजपा के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) के सांसदों द्वारा और 44 विपक्ष द्वारा। लेकिन विपक्षी संशोधनों को पार्टी आधार पर खारिज कर दिया गया क्योंकि समिति में भाजपा या उसके सहयोगियों के 16 सांसद और विपक्ष के 10 सांसद हैं।

एक नया विवाद तब छिड़ गया जब विपक्षी सांसदों ने दावा किया कि संसद में पेश की गई अंतिम जेपीसी रिपोर्ट से उनके असहमति नोट के कुछ हिस्से हटा दिए गए हैं। सरकार ने जोर देकर कहा कि उसने कुछ भी गलत नहीं किया, जेपीसी अध्यक्ष को समिति पर %आक्षेप% लगाने वाले अनुभागों को हटाने का अधिकार था। लेकिन विपक्ष के दबाव में बाद में इस बात पर सहमति बनी कि असहमति नोट को उनके मूल स्वरूप में डाला जाएगा। वक्फ संशोधन विधेयक 2024 ने वक्फ अधिनियम, 1995 में बड़े बदलाव पेश किए, जो भारत में मुस्लिम धर्मार्थ संपत्तियों के प्रशासन को नियंत्रित करता है।

## भाजपा नेता और लेडी सीएमओ आपस में भिड़े तू-तू मैं-मैं के बीच लोगों ने अलग किया



सतना (आरएनएस)। एक कार्यक्रम के दौरान कोठी नगर परिषद् सीएमओ पूजा द्विवेदी और भारतीय जनता पार्टी के कोठी मंडल अध्यक्ष अजय द्विवेदी के बीच बहस शुरू हो गई। मामला बढ़ते-बढ़ते तू-तू मैं-मैं तक पहुंच गया। नेता जी गुस्से में आकर अपना आपा खो दिए। जानकारी के मुताबिक, कोठी विकासखंड अंतर्गत सोनौर मोड़ के पास प्रयागराज जाने वाले श्रद्धालुओं के प्रसाद वितरण इत्यादि व्यवस्था के इंतजाम में टेंट लगवाए गए हैं। जहां बुधवार को खिचड़ी बांटने के आयोजित कार्यक्रम में कोठी सीएमओ पूजा द्विवेदी व मंडल अध्यक्ष अजय द्विवेदी दोनों मौजूद थे।

अचानक मंडल अध्यक्ष द्वारा सीएमओ को कहा गया कि आपके द्वारा कोई सहयोग नहीं मिल रहा है और पूरे टेंट में गंदगी है। जिसके प्रतिउत्तर में महिला अधिकारी ने ग्राम पंचायत क्षेत्र में आने के बावजूद सफाई कराने की बात कहीं। इतने में दोनों की बहस बढ़ गई और अंत में मौका स्थल पर मौजूद स्थानीयजनों ने दोनों का शांत कराते हुए अलग किया। घटना के बाद कोठी सीएमओ मौका स्थल से निकल गई। जिले के कोठी में सोनौर मोड पर भाजपा मंडल अध्यक्ष अजय द्विवेदी ने बुधवार को प्रयागराज कुंभ जा रहे श्रद्धालुओं के लिए पोहा वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया था। कार्यक्रम में राज्य मंत्री प्रतिमा बागरी के आने की सूचना पर सीएमओ को स्थल की साफ-सफाई की व्यवस्था के लिए कहा गया था। जिसके बाद ही यह सारा घटनाक्रम हुआ।

**मैंने कोई दुर्व्यवहार नहीं किया**

हमारे द्वारा कोई दुर्व्यवहार नहीं किया गया है। मैडम से केवल साफ-सफाई के लिए निवेदन किया गया था। दूसरी प्रमुख बात यह है कि अगर सोनौर मोड़ उनके अधिकार क्षेत्र में नहीं आता है तो बिना बुलाए मेहमान बनने क्यों चली आई थीं। अजय द्विवेदी, मंडल अध्यक्ष

## आप विधायकों की परिसर में आने की रोक पर बीजेपी पर भड़कीं आतिशी

कहा- तानाशाही की सारी हदें पार कर दीं



नई दिल्ली-(आरएनएस)। दिल्ली विधानसभा सत्र का आज तीसरा दिन आप विधायकों के परिसर में आने में मनाही आप नेता आतिशी ने लगाया आरोप डिजिटल डेस्क, नई दिल्ली। दिल्ली विधानसभा सत्र का आज (27 फरवरी) को तीसरा दिन है। इसी बीच आम आदमी पार्टी के विधायकों को दिल्ली विधानसभा परिसर में एंट्री करने से रोका गया है। बता दें, विधानसभा सत्र के दूसरे दिन आम आदमी पार्टी के सभी विधायकों को 3 दिन के लिए सस्पेंड कर दिया गया था। वहीं, अब विधायकों को परिसर में भी आने नहीं दिया जा रहा है। जिसको लेकर नेत प्रतिपक्ष आतिशी ने बीजेपी पर जमकर निशाना साधा है। विपक्ष के आरोपों पर केंद्रीय मंत्री शेखावत का तीखा पलटवार आतिशी ने लगाया बीजेपी पर आरोप आम आदमी पार्टी की विधायक और नेता प्रतिपक्ष आतिशी ने बीजेपी पर आरोप लगाया है कि पार्टी ने सत्ता में आने के बाद तानाशाही की सारी हदें पार कर दी हैं।

## सुंदरबनी में सेना की गाड़ी पर आतंकी हमला

राजौरी-भारतीय सेना की गाड़ी पर आज बुधवार 26 फरवरी को लगभग दोपहर 1:30 बजे आतंकियों ने फायरिंग कर हमला किया. यह घटना सुंदरबनी से लगभग 6 किलोमीटर दूर पांडवों द्वारा निर्मित ऐतिहासिक गंदेह मंदिर के साथ वाले जंगल क्षेत्र में घटी. प्राप्त जानकारी के

## पंडित धीरेंद्र शास्त्री पर मुस्लिम युवक ने की अभद्र टिप्पणी वीडियो वायरल होने के बाद हिंदू संगठनों का प्रदर्शन



ग्वालियर(आरएनएस)। बागेश्वरधाम के महंत पंडित धीरेंद्र शास्त्री को लेकर एक मुस्लिम युवक द्वारा अभद्र टिप्पणी का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। युवक की पहचान हो गई है। वीडियो सामने आने के बाद अलग-अलग हिंदू संगठनों के कार्यकर्ताओं ने पनिहार थाने का घेराव किया। युवक पर एफआईआर की मांग की। प्रशिक्षु आईपीएस जेंडेन लिंगजर्पा ने बताया कि वीडियो की जांच की जा रही है। इस आधार पर आगामी कार्रवाई की जाएगी।

**चर्चा में बागेश्वर धाम, इसी बीच वायरल हुआ वीडियो**

बता दें कि हाल ही में बागेश्वरधाम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पहुंचे थे। बुधवार को राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मु भी बागेश्वरधाम पहुंचीं। इसके बाद से बागेश्वरधाम आम लोगों के बीच चर्चा में है। अब यह वीडियो सामने आ गया।

इस वीडियो पर लोगों ने आक्रोश जताया है। यह वीडियो बुधवार दोपहर से सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हुआ। इसमें युवक द्वारा पंडित धीरेंद्र शास्त्री को अपशब्द कहे जा रहे हैं।

## महाकुंभ का समापन, सीएम योगी ने संगम में लगाई झाड़ू, निकाला कचरा, फिर किया पूजन



प्रयागराज.(आरएनएस)। प्रयागराज में 45 दिन तक चले महाकुंभ का समापन हो गया, इसके बाद भी आज मेला में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रही. लोगों ने संगम में आस्था की डुबकी लगाई. वहीं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, दोनों डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक व केशव प्रसाद मौर्य, रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव संगम पहुंचे. योगी व दोनों डिप्टी सीएम ने अरैल घाट पर झाड़ू लगाई. सभी ने गंगा के कूड़ा-कचरा निकाला. इसके बाद गंगा जी की पूजा की. योगी ने गंगा पंडाल में सफाईकर्मियों व स्वास्थ्य कर्मियों को सम्मानित किया. महाकुंभ के समापन पर पीएम मोदी ने एकता का महाकुंभ-युग परिर्वतन की आहट शीर्षक से ब्लॉग लिखा. उन्होंने लिखा इतना विशाल आयोजन आसान नहीं था. मैं प्रार्थना करता हूं मां गंगा से..मां यमुना से..मां सरस्वती से.. हे मां हमारी आराधना में कुछ कमी रह गई हो तो क्षमा करिएगा. श्रद्धालुओं की सेवा में भी कुछ कमी रह गई हो. तो मैं जनता जनार्दन का भी क्षमाप्रार्थी हूं. गौरतलब है कि महाशिवरात्रि पर महाकुंभ का अंतिम स्नान था. इस दौरान 1.53 करोड़ ने डुबकी लगाई. वहीं पूरे महाकुंभ आयोजन के दौरान रिकॉर्ड 66 करोड़ श्रद्धालुओं ने स्नान किया. ये आंकड़ा अमेरिका की आबादी करीब 34 करोड़ से दोगुना है. संगम में डुबकी लगाने वालों की यह संख्या 193 देशों की जनसंख्या से ज्यादा है. सिर्फ भारत और चीन की आबादी महाकुंभ आए श्रद्धालुओं से ज्यादा है. योगी सरकार ने दावा किया कि दुनिया में हिंदुओं की आधी आबादी के बराबर लोग यहां आए हैं. योगी ने कहा कि 2700 कैमरे मैंने मेला क्षेत्र में लगवाया. लखनऊ में भी बैठकर मैं पूरा देखता था कि कहां क्या हो रहा है. एक-एक जगह को देख लेता था.

रात 12 बजे और सुबह 4 बजे देखता था कि कैसे स्वच्छता कर्मी लगे हैं. सरकार ने तय किया है कि प्रयागराज से जुड़े स्वच्छता कर्मियों को अतिरिक्त 10 हजार रुपए का बोनस देंगे. हम लोग नई व्यवस्था करने जा रहे हैं. स्वच्छता कर्मियों को जो 8 से 11 हजार रुपए महीने के मिलते थे. अब इसे अप्रैल से बढ़ाकर कम से कम 16 हजार करेंगे. साथ ही सभी कर्मचारियों को आयुष्मान योजना से जोड़ कर जन आरोग्य बीमा का लाभ देंगे.




जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )। थाना अधारताल में रात्रि अनिल डोडानी उम्र 29 वर्ष निवासी कबीर कुटी के पास निर्भयनगर ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि सब्जी बेचने का काम करता है वह निर्भयनगर दुर्गा मंदिर के पास खड़ा था तभी उसकी पहचान का मोहल्ले का सिब्बू का छोटा भाई मिला जो पुरानी बुराई को लेकर उसके साथ गाली गलोज करने लगा, उसने गालियां देने से मना किया तो चाकू से हमला उसकी वायीं जांघ में चोट पहुॅचा दी तथा जान से मारने की धमकी देते हुये भाग गया। रिपोर्ट पर धारा 296, 351( 2 ), 118( 1 ) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

# आस्था उमंग और उत्साह के साथ निकली महाकाल की शाही सवारी के साथ शिव बारात





जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। हाऊबाग स्टेशन रोड स्थित शिव शक्ति महाकाल खाटू श्याम मन्दिर अहीर मोहल्ला गोरखपुर से महा शिवरात्रि के पवित्र अवसर पर आस्था, उमंग और उल्लास के साथ महाकाल की दिव्य शाही सवारी के रूप में शिव बारात निकाली गई । यह सवारी गोरखपुर मुख्य बाजार का भ्रमण करती हुई देर रात शिव मन्दिर में समाप्त हुई । यहां नारी शक्ति के साथ ही लोक निर्माण विभाग मंत्री श्री राकेश सिंह सहित बड़ी संख्या में गणमान्य जन शामिल हुए। सम्पूर्ण मार्ग में सवारी का मिष्ठान और फूल मालाओं के साथ आस्थापूर्वक अर्चन पूजन, अभिनंदन किया गया । इसके पूर्व मुख्य पुजारी ने अभिषेक संपन्न करवाया और महा मृत्युंजय अनुष्ठान आरंभ किया। संयोजक बबलू यादव एवं आयोजन समिति ने श्रद्धालुओं के प्रति आभार प्रकट किया द्य आज 27 फरवरी को शिव मंदिर में विशाल भंडारा आयोजित किया गया जिसमें हर वर्ग धर्म के श्रद्धालुगण शामिल रहे।

# आज से प्रारंभ होगा कांग्रेस का वार्ड भ्रमण कार्यक्रम

**नगर निगम वार्ड क्र. 1 गढ़ा पार्षद मनीष पटेल के कार्यालय से होगी शुरुआत**

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष माननीय जीतू पटवारी जी के आह्वान पर वर्ष 2025 को संगठन संघर्ष वर्ष के रूप में मनाने का संकल्प लिया गया है। इसी कड़ी में जबलपुर नगर कांग्रेस कमेटी द्वारा वार्ड भ्रमण कार्यक्रम की शुरुआत कल से की जा रही है। इस अभियान के तहत कांग्रेस कार्यकर्ता जमीनी स्तर पर पहुंचकर संगठन को मजबूत करेंगे और आम जनता की समस्याओं को समझते हुए उनके अधिकारों के लिए संघर्ष करेंगे।

कार्यक्रम की शुरुआत कल नगर निगम वार्ड क्र. 1 गढ़ा में पार्षद मनीष पटेल जी के कार्यालय से की जा रही है, जहां कांग्रेस कार्यकर्ता वार्ड के हर गली-मोहल्ले और घर-घर जाकर जनता से संवाद स्थापित करेंगे। स्थानीय कार्यकर्ताओं से मिलकर संगठन को और अधिक सशक्त बनाया जाएगा तथा आम जनता की समस्याओं को प्राथमिकता से समझकर उनके समाधान के लिए प्रयास किए जाएंगे। इस पहल का मुख्य उद्देश्य जनता और कांग्रेस संगठन के बीच सीधा जुड़ाव स्थापित करना और सरकार की नाकामियों को उजागर कर जनहित के मुद्दों को प्रभावी ढंग से उठाना है।

**कांग्रेस कार्यकर्ताओं में उत्साह**

इस अभियान की रूपरेखा तय करने के लिए 25 फरवरी 2025 को कांग्रेस कार्यालय, बलदेवबाग में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई थी, जिसमें कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं, पूर्व जनप्रतिनिधियों, पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। बैठक में सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया था कि वार्ड भ्रमण कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी कार्यकर्ता एकजुट होकर कार्य करेंगे।

**नगर कांग्रेस अध्यक्ष का बयान**

नगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सौरभ नाटी शर्मा ने कहा कि कांग्रेस का यह वार्ड भ्रमण अभियान संगठन को मजबूत करने के साथ-साथ आम जनता के हक की लड़ाई को और अधिक प्रभावशाली बनाएगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस हमेशा से जनहित के मुद्दों पर संघर्ष करती रही है, और यह अभियान उसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम होगा।

आज से शुरू हो रहा यह वार्ड भ्रमण कार्यक्रम कांग्रेस संगठन और जनता के बीच मजबूत संबंध स्थापित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास है।



# आर्थिक रूप से कमजोर नौ कन्याओं का विवाह संपन्न कराया गया


जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। शिव मंदिर समिति कांच का शिव मंदिर पचपेड़ी जबलपुर द्वारा हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी आर्थिक रूप से कमजोर नौ कन्याओं का विवाह संपन्न कराया गया जिसमें कन्याओं को गृहस्ती का पूरा सामान जैसे पलंग सोफा अलमारी मिक्सी पंखा कुकर बर्तनों के सेट बेडशीट व अन्य सामग्री प्रदान की गई इस वर्ष को मिलाकर कुल 93 कन्याओं का विवाह संपन्न कराया जा चुका है समिति के आयोजन करता श्री मनीष त्रिपाठी सिंगापुर श्री मोहन सिंह ठाकुर एवं श्री प्यारेलाल गजभिए ने कन्यादान की रस्म अदायगी पुरी की कार्यक्रम में श्री अशोक रूहानी जी श्री जगत बहादुर सिंह अनु श्री आशीष दुबे एवं श्री अंचल सोनकर जी ने कन्याओं को अपना आशीर्वाद प्रदान किया

# लेगरे आम का एहतेमाम किया गया



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। उर्स मुबारक हज़रत बहादुर अली शाह रह.अ. और हजरत बाबा अब्दुल ख़ालिक रह.अ.दो रोजा उर्स मुबारक हजरत बहादुर अली शाह रह.अ.व हजरत बाबा अब्दुल खलिक रह.अ और हजरत यूसुफ बाबा रह.अ.का. दो रोजा उर्स मुबारक मोमिनपुरा तलैया जबलपुर में बतारीख 27 फरवरी 2025 बरोज जुमेरात सुबहा 10 बजे गुस्ल शाम 4 बजे चादर शरीफ का जुलूस मोमिनपुरा तलैया से उठ कर गोहलपुर मंसूराबाद मिलौनीगंज मछली मार्केट नालबंद मोहल्ला चार खम्बा से होते हुए मजार शरीफ पहुंचेगा जहां चादर पेश की जाएगी शाम 7 बजे लेगरे आम का एहतेमाम किया गया है रात 11 बजे महफिले क़व्वाली जिसमें मकामी कव्वाल साहबान अपनी नूरानी कव्वाली पेश करेंगे 28 फरवरी 2025 बरोज जुमा को दोपहर 4 बजे महफिले रंग कुल शरीफ व फातेहा ख्वानी पर इख्तेतामे उर्स अकीदतमंद हजरात शिरकत फरमाकर सवाबे दारैन हासिल करें अतहरूल्ला शाहअलमारूफ मो. इकरार हुसैन रशीदी साहबे सज्जादा हज़रत बहादुर अली शाह रह.अ. मोमिनपुरा तलैया गोहलपुर जबलपुर

# सांसद आशीष दुबे का आगमन आज



जबलपुर। सांसद आशीष दुबे का आज दिनांक 28 फरवरी शुक्रवार,प्रात:11¬15 बजे दिल्ली से डुमना एयरपोर्ट पर आगमन होगा। पश्चात माननीय सांसद स्थानीय कार्यक्रमों में सम्मिलित होंगे।

ज्ञात हो कि माननीय सांसद जी का गृह मंत्रालय की स्थाई समिति की बैठक में सम्मिलित होने पश्चात आगमन हो रहा है।

# रमजान माह में व्यवस्थाओ को लेकर मुस्लिम विकास परिषद ने निगमायुक्त को दिया ज्ञापन

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। आगामी एक मार्च से प्रारम्भ हो रहे मुस्लिम धर्मावलंबियो के पवित्र माह रमजान में मुस्लिम बहुल क्षेत्रों व मस्जिदों के पास उचित व्यवस्थाओ को लेकर मुस्लिम विकास परिषद ने निगमायुक्त के नाम अपर आयुक्त को ज्ञापन सौपा। मुस्लिम विकास परिषद के जिलाध्यक्ष डॉ. मुईन अंसारी, पठान समाज के सरदार हाजी मुईन खान, कांग्रेस पिछड़ा वर्ग के प्रदेश उपाध्यक्ष टीकाराम कोष्टा, कोडिनेटर अलीम मंसूरी के नेतृत्व में सौपे गये ज्ञापन में ननि प्रशासन से मांग की गई हैं कि रमजान माह प्रारम्भ के पूर्व मुस्लिम बहुल क्षेत्रों के आठ वार्डों में मस्जिदों के आसपास से कचरे के डेरो को उठा कर नालियों की प्रतिदिन साफ सफाई कराकर चूने की लाइने डाली जाए मच्छरों के प्रकोप को समाप्त करने फागिंग मशीन चलाई जाये। बंद पड़ी स्ट्रीट लाइटों को चालू किया जाये और बिजली कटौती नहीं की जाये। नलों से पानी आपूर्ति का समय बढ़ाया जाये और पानी के टैंकरों की व्यवस्था की जाये।ज्ञापन देते समय मुस्लिम विकास परिषद के एड. निसार अंसारी, अहमद रज़ा, इस्लाम अली, पूर्व पार्षद शाबान मंसूरी, अशफाक आरिफ, हाशिम राजा, गुलाम साबरी, फैजान कुरैशी, बब्लू कुरैशी, शाहिद कुरैशी, तारिक कुरैशी, जिया उल हक अंसारी, नोषाद खलीफा, अशरफ कुरैशी, इरफान कुरैशी, मेहताब अली, लियाकत जावेद, खालिद कुरैशी, डॉ. निसार अंसारी, मुज्जफर कुरैशी, ताहिर खोकर, एड. अकबर उस्मानी, इस्तियाक अंसारी, साजिद काजी, गुलाम किबरिया, मामूर गुड्डू, शेख निजामी, अब्दुल बाकी खान, अशरफ शिराजी, मो. जावेद, मुख्तार अंसारी, मुजीब अंसारी, मुनीर अंसारी, निसार मंसूरी, सोहेल खान, असीम राजा आदि की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।



# अश्विनी वैष्णव ने प्रयागराज का दौरा किया, महाकुम्भ के दौरान अद्भुत कार्य हेतु रेल परिवार को बधाई दी

**महाकुम्भ 2025 के दौरान रिकॉर्ड 17000 से अधिक ट्रेनें चलाई गईं**



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने महाकुम्भ 2025 के लिए भारतीय रेल की व्यापक तैयारियों की समीक्षा करने के लिए सुबह प्रयागराज का दौरा किया। इस दौरान, उन्होंने रेलवे कर्मियों के साथ बातचीत की। इस सम्पूर्ण आयोजन के दौरान रेल मंत्री ने माननीय प्रधानमंत्री को उनके निरंतर मार्गदर्शन के लिए धन्यवाद दिया और श्रद्धालुओं की अभूतपूर्व संख्या को संभालने में सहयोग के लिए माननीय गृह मंत्री श्री अमित शाह, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ, मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री मोहन यादव और पड़ोसी राज्यों की सरकारों को भी उनके सतत सहयोग के लिए धन्यवाद दिया। रेल मंत्री ने रेल कर्मयोगियों के उत्कृष्ट समर्पण की सराहना की अपनी यात्रा के दौरान, रेल मंत्री ने व्यक्तिगत रूप से मुलाकात की और इस तरह के आयोजन के प्रबंधन में भूमिका निभाने वाले रेलवे कार्यबल के प्रत्येक व्यक्ति के प्रति अपनी सराहना व्यक्त की। यात्रियों की सहायता करने वाले फ्रंटलाइन कर्मयोगियों से लेकर सुरक्षा सुनिश्चित करने वाले आरपीएफ, जीआरपी और पुलिस कर्मियों तक, निर्बाध ट्रेन संचालन को बनाए रखने वाले इंजीनियरों से लेकर सफाई कर्मचारियों तक एवं चिकित्सा सहायता प्रदान करने वाले डॉक्टरों और पैरामेडिकल स्टाफ से लेकर यात्रा को सुविधाजनक बनाने वाले हेल्प डेस्क अधिकारियों तथा बुकिंग कर्मचारियों तक – सभी के योगदान को सराहा।

रेल मंत्री द्वारा रेल कर्मयोगियों के समर्पण को सराहा गया

उन्होंने टीटीई, ड्राइवरों, सहायक ड्राइवरों, सिग्नल और दूरसंचार कर्मियों, टीआरडी और इलेक्ट्रिकल टीमों, एएसएम, नियंत्रण अधिकारियों, ट्रैकमैन और रेलवे प्रशासकों के प्रति भी आभार व्यक्त किया, जिनके समन्वित प्रयासों से इस विशाल उपक्रम का सुचारू निष्पादन सुनिश्चित हुआ। उन्होंने पहली से आखिरी पंक्ति तक हर कर्मचारी को व्यक्तिगत रूप से धन्यवाद दिया। उन्होंने स्टेशनों पर जाकर पहली से आखिरी पंक्ति तक हर कर्मचारी से मिलकर धन्यवाद ज्ञापित किया व उत्साहवर्धन किया और सभी का हार्दिक आभार व्यक्त किया, जिन्होंने लाखों तीर्थयात्रियों के लिए महाकुम्भ 2025 का निर्बाध अनुभव सुनिश्चित करने के लिए चौबीसों घंटे अथक प्रयास किया।

अभूतपूर्व रेल संचालन– महाकुम्भ 2025 के लिए कुल 17,152 ट्रेनों का संचालन किया गया, जो पिछले कुंभ की तुलना में चार गुना अधिक है। महाकुम्भ में कुल 66 करोड़ श्रद्धालु सम्मिलित हुए, जिनमें से केवल प्रयागराज के नौ प्रमुख रेलवे स्टेशनों पर 4.24 करोड़ यात्रियों के लिए प्रबंधन किया गया।

प्रयागराज क्षेत्र में यात्री सुविधाओं में वृद्धि

बड़ी संख्या में तीर्थयात्रियों को समायोजित करने के लिए 48 प्लेटफ़ॉर्म और 21 फुट ओवर ब्रिज का निर्माण किए गए। अत्याधिक संख्या को नियंत्रित करने के लिए फ़ेशियल रिकॉग्निशन टेक्नोलॉजी और ड्रोन निगरानी सहित 1,186 सीसीटीवी कैमरों के साथ निगरानी को सुदृढ़ किया गया। अत्यधिक व्यस्ततम समय में भीड़भाड़ को प्रबंधित करने के लिए 23 स्थायी होल्डिंग एरिया स्थापित किए गए, जबकि मल्टीलैंग्वेज अनाउंसमेंट और 23 भाषाओं में बुकलेट द्वारा यात्री सुविधाओं को बेहतर किया गया। 151 मोबाइल यूटीएस काउंटर और एक क्यूआर-आधारित प्रणाली सहित 554 काउंटरों के साथ टिकट सुविधाओं की जानकारी दी गई। भारतीय रेल ने यात्रियों की सुरक्षा और सुविधा सुनिश्चित करने के लिए एक प्रभावी चिकित्सा और आपातकालीन सहायता प्रणाली लागू की। जिला अधिकारियों के समन्वय में केंद्रीकृत सहायता डेस्क, चिकित्सा सुविधाएं, एम्बुलेंस, फायर ब्रिगेड एवं मोबाइल टॉयलेट तैनात किए गए।

इसके आलावा निम्न विशेष व्यवस्था की गई

? महत्वपूर्ण स्टेशनों पर यात्रियों के लिए 20 एकड़ क्षेत्र में पर्याप्त होल्डिंग एरिया बनाए गए।

? भीड़ को नियंत्रित करने के लिए स्काउट/गाइड की मदद।

? मुख्य सचिव, डीजीपी, जिला कलेक्टरों और एसपी, मजिस्ट्रेट और थानों के साथ समन्वय

? पीए सिस्टम और मेगाफोन द्वारा स्टेशन क्षेत्र और प्लेटफार्मों पर नियमित मैनुअल घोषणाएं।

? बुनियादी चिकित्सा सुविधाएं।

? सर्कुलेटिंग एरिया/स्टेशनों में खान-पान की सुविधा बढ़ाई गई।

# राष्ट्रीय पैरा जूडो- जबलपुर ने जीते तीन पदक



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। इंडियन ब्लाइंड एवम् पैरा जूडो एसोसिएशन के तत्वाधान में लखनऊ में आयोजित 13वीं राष्ट्रीय ब्लाइंड एंड पैरा जूडो प्रतियोगिता (24 से 28 फरवरी 2025) में नगर के जूडो खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रदेश और नगर का नाम रोशन किया। जबलपुर जिला जूडो एसोसिएशन के अध्यक्ष रवि गुप्ता और संघ के सचिव व जूडो कोच आबिद हुसैन खान ने जानकारी देते हुए बताया कि इस राष्ट्रीय ब्लाइंड एंड पैरा जूडो प्रतियोगिता में जबलपुर के चार खिलाड़ियों ने अपने खेल का शानदार प्रदर्शन करते हुए तीन पदक प्राप्त कर नगर एवम् प्रदेश का गौरव बढ़ाया।

प्रतियोगिता में अंतर्राष्ट्रीय पदक विजेता एवं विक्रम पुरस्कार प्राप्त खिलाड़ी जानकी बाई तथा अर्पित काछी ने रजत पदक, जबकि श्यामलाल चौधरी ने कांस्य पदक अपने नाम किया।यह सभी खिलाड़ी वर्तमान में नगर के वरिष्ठ जूडो कोच आबिद हुसैन खान के मार्गदर्शन में जूडो का प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं जिन्हे इस प्रतियोगिता में तकनीकी अधिकारी के रूप में भी आमंत्रित किया गया था।

खिलाड़ियों की इस सफलता पर इंडियन ब्लाइंड एंड पैरा जूडो एसोसिएशन के महा सचिव एवम् जूडो के अंतरराष्ट्रीय रेफरी मुनव्वर अंजार, मध्य प्रदेश ओलंपिक संघ के सचिव दिग्विजय सिंह, एम. पी. ब्लाइंड एंड पैरा जूडो एसोसिएशन के सचिव भगवान दास, जिला खेल अधिकारी आशीष पांडेय, राजकुमार मिश्रा, सत्येंद्र गुरु, शायदा अली, गौरी शंकर सार, रत्नेश सोनकर, अनुराग चौबे, एडवोकेट अताउर रहमान अंसारी, तवेज़ अली, मनीष श्रीवास्तव आदि ने बधाई देते हुए अपनी शुभकामनाएं प्रेषित की।

# पावर ट्रांसमिशन कंपनी के अशोक कुमार यादव आज होंगे सेवानिवृत्त



जबलपुर। मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी के प्रबंध संचालक कार्यालय में कार्यरत अशोक कुमार यादव 33 वर्षों की सेवा के उपरांत आज 28 फरवरी को सेवानिवृत्त हो रहे हैं।

# स्टार हेल्थ इंश्योरेंस अब पेश करता है भारत में सबसे बड़े होम हेल्थ केयर नेटवर्क, जिसमें जबलपुर में सेवाएं शामिल हैं

**स्टार हेल्थ इंश्योरेंस ने पूरे भारत में 100 स्थानों तक अपना विस्तार किया**

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। भारत की सबसे बड़ी खुदरा स्वास्थ्य बीमा कंपनी, स्टार हेल्थ एंड एलाइड इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड (स्टार हेल्थ इंश्योरेंस), भारत भर में 100 स्थानों पर अपनी एचएचसी पहल का विस्तार करके देश की सबसे बड़ी होम हेल्थ केयर (एचएचसी) प्रदाता बन गई है। जुलाई 2023 में शुरू किया गया यह कार्यक्रम अब स्टार हेल्थ इंश्योरेंस के 85त्न से अधिक ग्राहकों को सेवा प्रदान करता है, जो बिना किसी जेब खर्च के 3 घंटे के भीतर कैशलेस डोरस्टेप मेडिकल केयर प्रदान करता है। भारत में स्वास्थ्य सेवा की पहुंच, उपलब्धता और सामर्थ्य में सुधार करता है। स्टार हेल्थ इंश्योरेंस के एमडी और सीईओ आनंद रॉय ने कहा, स्टार हेल्थ में, हम मानते हैं कि स्वास्थ्य बीमा वित्तीय कवरेज प्रदान करने से कहीं आगे जाता है। यह हर व्यक्ति के लिए सुलभ और किफायती स्वास्थ्य सेवा का एक पुल है। हमारा लक्ष्य अस्पताल में भर्ती होने की उच्च लागत, लॉजिस्टिक चुनौतियों और देखभाल की मांग से जुड़े तनाव जैसी बाधाओं को दूर करना है। ग्राहकों के करीब गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सेवा लाकर हमारा लक्ष्य उनकी सुविधा और मन की शांति सुनिश्चित करना है। यह पहल स्वास्थ्य बीमा वितरण को बदलने पर हमारे फोकस का ठोस सबूत है, यह सुनिश्चित करके कि यह सुलभ, सस्ती है और हमारे ग्राहकों की बदलती जरूरतों के हिसाब से डिजाइन की गई है। एचएचसी प्रोग्राम संक्रामक रोगों से ठीक होने वाले रोगियों को समय पर चिकित्सा देखभाल प्रदान करता है। कार्यक्रम के तहत, एक साथी डॉक्टर रोगी के घर जाकर उनकी स्थिति का आकलन करता है, निदान करता है, और यदि लक्षणों के लिए अस्पताल में भर्ती होना अनावश्यक समझा जाता है, तो आवश्यक उपचार प्रदान करता है,



भोपाल-उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि मध्यप्रदेश में केंद्र सरकार के मार्गदर्शन और केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री श्री जगत प्रकाश नड्डा के नेतृत्व में 20 फरवरी से 31 मार्च 2025 तक 'निरोगी काया अभियान' संचालित किया जा रहा है। इस महाभियान के तहत प्रदेश में 12 हज़ार से अधिक स्वास्थ्य केंद्रों, जन आरोग्य मंदिरों, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र और मुख्यमंत्री संजीवनी क्लीनिकों में 30 वर्ष से अधिक आयु के नागरिकों की मधुमेह ( डायबिटीज ), रक्तचाप ( ब्लड प्रेशर ) और फैटी लिवर जैसी प्रमुख असंक्रामक बीमारियों ( एनसीडी ) की नि:शुल्क जांच की जा रही है।



**राष्ट्रपति श्रीमती मुर्मु की उपस्थिति में बागेश्वर धाम में हुआ 251 जोड़ों का सामूहिक विवाह, राष्ट्रपति ने उपहार देकर की नव दम्पतियों के सुखमय जीवन की कामना**

# सामाजिक समरसता बढ़ाने के लिए संत समाज हरसंभव प्रयास करे- राष्ट्रपति श्रीमती मुर्मु

भोपाल(आरएनएस) राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु, राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल तथा मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की गरिमामय उपस्थिति में बागेश्वर धाम में 251 जोड़ों का सामूहिक विवाह महोत्सव हुआ। भव्य समारोह में राष्ट्रपति श्रीमती मुर्मु ने महाशिवरात्रि पर्व पर आयोजित सामूहिक विवाह में दाम्पत्य सूत्र में बंध रहे जोड़ों को आशीर्वाद प्रदान करते हुए उनके सुखमय जीवन की कामना की। राष्ट्रपति श्रीमती मुर्मु ने कहा कि समकालीन समाज में व्याप्त कुरीतियों को दूर करने और समाज को जागरूक करने के लिए पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री की पहल सराहनीय है। गुरूनानक देवजी, संत रविदास, कबीरदास, मीरा बाई जैसे कई संतों ने अपने उपदेशों से छुआछूत जैसी कुरीतियों को दूर करने और महिलाओं को समाज में उचित स्थान दिलाने का संदेश दिया है। समाज को सन्मार्ग दिखाने की संत परम्परा के इस उद्देश्य को बागेश्वर धाम प्रभावी रूप से आगे बढ़ा रहे है।

राष्ट्रपति श्रीमती मुर्मु के सम्मुख जोड़ों की वरमाला रस्म संपन्न हुई, उन्होंने प्रतीक स्वरूप 3 जोड़ों को उपहार भेंट किए। श्री बागेश्वर धाम जन सेवा समिति द्वारा आयोजित सामूहिक विवाह समारोह में शामिल हुईं 251 बेटियों में से 108 बेटियां जनजातीय समुदाय की हैं। राष्ट्रपति श्रीमती मुर्मु के बागेश्वर धाम पहुंचने पर पंडित धीरेंद्र शास्त्री ने अंगवस्त्रम और तुलसी की माला भेंट कर उनका अभिनंदन किया। राष्ट्रपति श्रीमती मुर्मु को पंडित धीरेंद्र शास्त्री ने हनुमान यंत्र, बालाजी सरकार का विग्रह, धाम से जुड़ा साहित्य और स्मृति चिन्ह भी भेंट किये। इस अवसर पर धाम द्वारा आयोजित छठे सामूहिक विवाह महोत्सव पर केंद्रित लघु फिल्म का प्रदर्शन हुआ। समारोह में खजुराहो सांसद श्री वी.डी. शर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे।

राष्ट्रपति श्रीमती मुर्मु ने कहा कि देश वुमेन लेड डेवलपमेंट को लेकर अग्रसर है। ऐसे समय में बेटियों को सबल और सशक्त बनाने में सहयोग करना समाज और सरकार का कर्तव्य है। बेटियों की शिक्षा, स्वास्थ्य और सुरक्षा पर ध्यान देना उन्हें आत्मनिर्भर बनाने में सहयोग करने के लिए जन-जन को प्रतिबद्ध होना होगा। बेटियों के सशक्त होने

**संत, सत्ता और शासन की त्रिवेणी के संगम से बागेश्वर धाम बना रहा है नये कीर्तिमान - मुख्यमंत्री डॉ. यादव**






**पंडित धीरेंद्र शास्त्री ने मंदिरों की दान पेटियों की राशि, गरीब परिवारों की बेटियों के उत्थान में लगाने का किया आह्वान**

से परिवार, समाज और देश सशक्त होगा। श्रीमती मुर्मु ने कहा कि वर्ष 2047 में स्वतंत्रता की शताब्दी तक देश को आत्मनिर्भर बनाने के लक्ष्य के साथ हम अग्रसर हैं। हम ऐसे भारत का निर्माण करें, जो न केवल आर्थिक दृष्टि से आत्मनिर्भर हो अपितु सामाजिक समरसता से भी परिपूर्ण हो। देश पर्यावरण की दृष्टि से समृद्ध हो और आध्यात्म से विश्व को राह दिखाने में सक्षम हो। ऐसे राष्ट्र निर्माण में संतों की भूमिका महत्वपूर्ण है। उन्होंने संत समाज से मानव कल्याण की भावना के साथ देश में सामाजिक समरसता बढ़ाने के लिए हरसंभव प्रयास करने का आह्वान किया। राष्ट्रपति श्रीमती मुर्मु ने पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री और श्री बागेश्वर धाम सेवा समिति द्वारा कराए जा रहे सामूहिक कन्या विवाह समारोह की सराहना की। राष्ट्रपति श्रीमती मुर्मु ने नव दम्पतियों को उपहार दिए। श्रीमती मुर्मु ने कहा कि यह प्रसन्नता का विषय है कि समारोह में नवविवाहित जोड़ों को गृहस्थी के लिए विभिन्न वस्तुओं के साथ-साथ उन्हें स्वावलंबी बनाने के लिए सिलाई मशीन जैसी उपयोगी वस्तुएं भी उपहार में दी जा रही हैं। राष्ट्रपति ने सामूहिक कन्या विवाह समारोह को जन सहयोग से जनकल्याण का श्रेष्ठ उदाहरण बताया।

राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु द्वारा स्वयं उपस्थित होकर प्रदेश के वर-वधुओं को आशीर्वाद प्रदान करने के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत को वर्ष-2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने के संकल्प की सिद्धि के लिए सभी प्रतिबद्ध हैं। देश के विकास के लिए सामाजिक चेतना आवश्यक है। राज्यपाल श्री पटेल ने कहा कि ऐसे आयोजन समाज के लिए अनुकरणीय हैं। समाज के हर वर्ग को लाभ पहुंचाने के लिए निरंतर कार्य किए जा रहे हैं।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु का मध्यप्रदेश पधारने पर अभिनंदन करते हुए कहा कि यह हमारा सौभाग्य है कि बागेश्वर धाम में हनुमान जी के आशीर्वाद से सामाजिक बुराईयों को दूर करने का निरंतर कार्य किया जा रहा है। समाज में विद्यमान जातिगत दीवारों को तोड़ना आज के समय की आवश्यकता है। पंडित धीरेंद्र शास्त्री के प्रयासों से जातिगत बाधाएं टूटी हैं और अलग-अलग जातियों के दूल्हे एक साथ घोड़ी पर बैठे हैं। जातिगत विषमताओं के खिलाफ लड़ते हुए समाज के सामने, शासन-सत्ता और संत की त्रिवेणी की मौजूदगी में सामूहिक विवाह आयोजित कर बागेश्वर धाम नए कीर्तिमान बना रहा है। समाज में प्रेम, सद्भाव और सामाजिक सौहार्द्र बढ़ाने के ऐसे उदाहरण प्रस्तुत करने की बहुत आवश्यकता है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने ऐसे संकल्पों के लिए पंडित धीरेंद्र शास्त्री को बधाई दी।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि पंडित धीरेंद्र शास्त्री ने वसुधैव कुटुबम्कम की भावना और %सर्वे भवंतु सुखिन; सर्वे संतु निरामय% के विचार को चरितार्थ करके दिखाया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने आशा व्यक्त की की इस प्रकार के संकल्प और समाज हित के कार्य निरंतर जारी रहेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी पर हम सबको गर्व है, उनके दूरदर्शी निर्णय सामाजिक हित और राष्ट्र की प्रगति सुनिश्चित कर रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सामूहिक विवाह में आज परिणय सूत्र में बंध रही बेटियों को राज्य सरकार की ओर से 51-51 हजार रूपए की राशि उपहार स्वरूप दी जाएगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सभी नव दंपतियों को दीर्घायु और सुखमय जीवन के लिए शुभकामनाएं दीं।

पंडित धीरेंद्र शास्त्री ने समाज से मंदिरों की दान पेटियों की राशि को गरीब परिवारों की बेटियों के उत्थान में लगाने का आव्हान किया। उन्होंने कहा कि यदि सभी मठ, मंदिर, धाम और समाज के सभी लोग यह संकल्प ले लेते हैं, तो भारत को विश्व गुरु बनने से कोई नहीं रोक सकता। समारोह में लगभग 20 देश के एन.आर.आई., देश के विभिन्न क्षेत्रों से पधारे दिव्य संत, वर-वधु के परिजन और बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक सम्मिलित हुए।

# खाद्य प्र-संस्करण के क्षेत्र में मध्यप्रदेश में निवेश की अपार संभावनाएँ -केन्द्रीय कृषि मंत्री चौहान

भोपाल-(आरएनएस) कृषि, उद्यानिकी एवं खाद्य प्र-संस्करण विभाग द्वारा इनवेस्ट मध्यप्रदेश ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2025 में आयोजित सीड टू सेल्फ इन लांचिंग इन्वेस्टमेंट अपार्चुनिटी इन एमपी एग्री फूड एण्ड डेयरी सेक्टर पर आयोजित सत्र में केन्द्रीय कृषि मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि मध्यप्रदेश में निवेश की अपार संभावनाएँ हैं। मध्यप्रदेश निवेश के लिये आवश्यक अधोसंरचना के साथ एक लाख हैक्टेयर का लैण्ड बैंक रखने वाला देश का पहला राज्य है। उन्होंने कहा कि उद्यानिकी फसलों के अंतर्गत टमाटर, मटर, प्याज, लहसुन, मिर्च, गेहूँ और चावल उत्पादन में देश अग्रणी है। उन्होंने कहा कि कृषि-उद्यानिकी उत्पादन की प्रचुर मात्रा में उत्पादन से किसान को फसल का भरपूर दाम नहीं मिल पाता है। इसलिये आवश्यक है कि प्रदेश में फूड प्रोसेसिंग को बढ़ावा दिया जाये। इससे फसलों का वैल्यू एडीशन होगा। किसान और उत्पादक इकाई, दोनों लाभान्वित होंगे। इसी तरह भारत पूरी दुनिया में फूड प्रोसेसिंग के लिये वर्ल्ड लीडर बन सकता है। उन्होंने कहा कि केन्द्रीय कृषि मंत्रालय फसलों का उत्पादन बढ़ाने के लिये बीज और पौध की नवीन किस्म विकसित करवा रहा है। उन्होंने कहा कि देश के कृषि उत्पादन को विदेशों में बेहतर मांग मिल सके, इसके लिये भारत सरकार द्वारा चावल पर एक्सपोर्ट ड्यूटी शून्य कर दी है। साथ ही ऑइल पर इम्पोर्ट ड्यूटी बढ़ाकर 27 प्रतिशत कर दी है। इसका लाभ देश की फूड प्रोसेसिंग इकाइयों को मिलेगा। उन्होंने सभी निवेशकों को मध्यप्रदेश में निवेश के लिये भरपूर सहयोग का आश्वासन भी दिया।

उद्यानिकी एवं खाद्य प्र-संस्करण मंत्री श्री नारायण सिंह कुशवाह ने इनवेस्ट मध्यप्रदेश ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट-2025 में आये सभी निवेशकों ओर विषय-विशेषज्ञों का हार्दिक स्वागत किया। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश, अपनी समृद्ध कृषि, उद्यानिकी एवं खाद्य प्र-संस्करण क्षमताओं के लिए विश्व भर में प्रसिद्ध है। प्रदेश के उद्यानिकी उत्पादों ने देश में अलग पहचान बनायी है। प्रदेश के 27 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में उद्यानिकी फसलों का उत्पादन किया जा रहा है। इसे आगामी 5 वर्षों में बढ़ाकर 32 लाख हेक्टेयर तथा उत्पादन 400 लाख मीट्रिक टन से बढ़ाकर 500 लाख टन करने का लक्ष्य रखा गया है। देश के कुल जैविक उत्पादन में मध्यप्रदेश की भागीदारी 40 प्रतिशत है।

**विक्रमोत्सव-2025 के शुभारंभ पर गायक हंसराज एवं आनंद मणि ने किये भजन प्रस्तुत**

# सम्राट विक्रमादित्य हमारे लोकसिद्ध, कालसिद्ध जननायक, जिनका नाम बन गया पदनाम -मुख्यमंत्री डॉ. यादव

भोपाल-(आरएनएस) मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने महाशिवरात्रि के महापर्व पर राजाधिराज भगवान श्री महाकाल को दंडवत प्रणाम करते हुए कहा कि उज्जैन के आदर्श नायक सम्राट विक्रमादित्य के सुशासन की तरह प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत वर्ष अपने अमृत काल में प्रवेश कर रहा है। भारत की धरती के महानायक और स्वतंत्रता संग्राम सेनानी श्री वीर दुर्गादास राठौर को भी उन्होंने प्रणाम किया। उन्होंने कहा कि हमारी धरती वीरों की धरती है। उज्जयिनी का हमेशा देश के नायकों में विशिष्ट स्थान रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने यह बात दशहरा मैदान, उज्जैन में विक्रमोत्सव-2025 के शुभारंभ अवसर पर कही।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सम्राट विक्रमादित्य आदर्श व्यवस्था के पर्याय हैं। जब-जब सुशासन, धर्म, न्याय और कर्म की बात होती है, सम्राट विक्रमादित्य को स्मरण किया जाता है। अदम्य वीरता के साथ ही साथ महाराजा



विक्रमादित्य अपने श्रेष्ठ शासन-प्रशासन के लिए विख्यात रहे हैं। महाराजा विक्रमादित्य ने अपनी संगठन शक्ति और शौर्य से विदेशी बर्बर आक्रान्ताओं जैसे शक, हूण, कुषाण अक्रांताओं को पराजित कर उनका समूल नाश किया। सम्राट विक्रमादित्य ने भारत वर्ष में विक्रम संवत की शुरूआत की और भारतीय काल गणना को विश्व स्तर पर प्रतिष्ठित किया।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हम भारतवंशी, विगत 2081 वर्षों से निरंतर विक्रम सम्वत् को अपनाए हुए हैं। सम्राट विक्रमादित्य और उनके नाम से चल रहे विक्रम संवत् की जैसी लोक ख्याति है, वैसी किसी दूसरे राजा या सम्वत्सर की नहीं है। सम्राट विक्रमादित्य की नवरत्न परंपरा आज तक हमारी स्मृतियों में है। कालिदास, वराहमिहिर, शंकु, क्षपणक, अमर सिंह, वररुचि, धनवंतरि, वेताल भट्ट, घटखर्पर जैसे श्रेष्ठ साहित्यकार, वैज्ञानिक और योद्धाओं के सहयोग और परामर्श से उन्होंने भारत की श्रेष्ठतम न्याय प्रणाली की स्थापना की। विक्रमादित्य हमारे लोकसिद्ध, कालसिद्ध जननायक हैं। ऐसे सम्राट जिनका नाम पदनाम बन गया। ऐसे नायक जिनकी गाथा विक्रम चरित्र, कालक-कथा, सिंहासन बत्तीसी, प्रबंध चिंतामणि जैसे ग्रंथों में मिलती है। देश के अनेक स्थानों पर सम्राट विक्रमादित्य ने मंदिरों का निर्माण और पुनर्निर्माण करवाया था।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सम्राट विक्रमादित्य ने शासन, प्रशासन, न्याय, अध्यात्म और कर्म प्रधानता के जो ऊंचे मापदंड स्थापित किए हैं, हमारे प्रधानमंत्री श्री मोदी भी उसी मार्ग का अनुसरण कर रहे हैं। श्री महाकाल महालोक, श्री काशी विश्वनाथ का कारिडोर, श्री केदारनाथ के साथ 500 वर्षों की प्रतीक्षा के बाद भगवान रामलला का उनके मंदिर में विराजित होना, प्रधानमंत्री श्री मोदी के काल में ही संभव हो सका।

# गेहूँ खरीदी केन्द्र में किसानों के लिए सभी सुविधाएं सुनिश्चित करें - खाद्य मंत्री राजपूत

भोपाल (आरएनएस) खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री श्री गोविंद सिंह राजपूत ने निर्देश दिये हैं कि रबी विपणन वर्ष 2025-26 के गेहूँ उपार्जन की अवधि के दौरान उपार्जन केन्द्रों पर आने वाले किसानों के लिए सभी पर्याप्त सुविधाएं होनी चाहिए। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही मिलने पर उपार्जन कार्य से जुड़े अधिकारी-कर्मचारियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। खाद्य मंत्री श्री राजपूत ने यह निर्देश मंत्रालय में रबी उपार्जन नीति की समीक्षा के दौरान दिये। श्री राजपूत ने कहा कि उपार्जन केन्द्रों पर आने वाले किसानों के लिए छाया की सुविधा के लिए शेड लगवाएं जाएं तथा पीने के पानी, प्रतीक्षा कक्ष,



दरियां, टेबल, कुर्सी तथा शौचालय आदि का पर्याप्त प्रबंध करें। उन्होंने निर्देश दिये कि समिति स्तर पर पर्याप्त बिजली की सुविधा, हाई स्पीड इंटरनेट कनेक्शन, इलेक्ट्रॉनिक उपार्जन उपकरण तथा किसानों की जानकारी के लिए सूचना पटल पर उपार्जन संबंधी जानकारी प्रदर्शित करें। श्री राजपूत ने निर्देश दिये कि न्यूनतम समर्थन मूल्य के बारे में ज्यादा से ज्यादा जागरूकता लाएं ताकि गेहूँ खरीदी केन्द्रों तक अधिकतम पंजीकृत किसान अपनी फसल लेकर पहुंचे। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिये कि किसानों को गेहूं उपार्जन के बाद जल्द से जल्द भुगतान सुनिश्चित करें। खाद्य मंत्री श्री राजपूत ने बताया कि इंदौर, उज्जैन, भोपाल और नर्मदापुरम संभाग में गेहूँ खरीदी का कार्य 1 मार्च से प्रारंभ किया जाएगा जो 18 अप्रैल तक चलेगा। वहीं शेष संभागों में 17 मार्च से 5 मई 2025 तक गेहूँ खरीदी का कार्य उपार्जन केन्द्रों के माध्यम से किया जाएगा। प्रमुख सचिव खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण श्रीमती रश्मि अरूण शमी ने बताया कि अभी तक 2 लाख 91 हजार से अधिक किसानों ने गेहूं उपार्जन के लिए पंजीयन कराया है। उन्होंने बताया कि इस बार मध्यप्रदेश में 80 लाख मीट्रिक टन गेहूं उत्पादन का अनुमान है। बैठक में आयुक्त खाद्य श्री कर्मवीर शर्मा ने बताया कि गेहूँ उपार्जन में स्लाट बुकिंग के लिए लघु और सीमांत किसानों को प्राथमिकता दी जाएगी। उन्होंने बताया कि खरीदी के लिए किसानों को जागरूक करने के लिए सोशल मीडिया प्लेटफार्म का भी उपयोग किया जाएगा।



# जायसवाल समाज के अध्यक्ष ने अपने परिवार के साथ भंडारे का आयोजन किया

**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )।** जबलपुर जायसवाल समाज के अध्यक्ष विजय नगर निवासी केशव जायसवाल ने अपने परिवार के साथ भंडारे का आयोजन किया उनके द्वारा पिछले 13 वर्षों से लगातार भंडारा किया जा रहा है, इसमें उनकी पत्नी चिंता जायसवाल उनके पुत्र, पुत्र वधु सुजीत जायसवाल, नेहा जायसवाल, सुमित जायसवाल शालिनी जायसवालऔर उनके पोते प्रशांश जायसवाल साथ में आरना जायसवाल का विशेष योगदान रहता है ।भंडारा सुबह से रात्रि तक लगातार अनवरत चलता रहा।



# श्री शिव दरबार में गाजे बाजों के साथ संकीर्तन यात्रा का भव्य आयोजन





**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )।** अनवरत् बीस वर्षों से मानस मण्डल नेमा समाज एवं श्री चैतन्य महाप्रभु संकीर्तन मण्डल जाबालीपुरम की अगुवाई में,महाशिवरात्रि पर्व पर आज प्रात: बेला में श्री शिव संकीर्तन सुप्रभात यात्रा कचनार सिटी स्थित श्री शिव दरबार में निकाली गयी यात्रा में पूरे बाजे गाजे,ढोल,मंजीरा,डमरू की प्रखर शंखनाद के साथ भक्तों ने भोलेनाथ पार्वती के विवाह भजनों का गुणगान किया गया। जिसमें नगर के चैतन्य महाप्रभु संकीर्तन मंडल,मानस मंडल नेमा जबलपुर, महाकौशल योग संस्थान,नर्मदा भक्त सेवा मिशन, नारमंदीय रामयण मंडल एवं विभिन्न धर्म सेवी संस्थाओं के पं.मनमोहन दुबे,डॉ.राजेन्द्र कुमार,देवेंद्र नेमा,राकेश नेमा,प्रवीण नेमा,अरूण तिवारी,महेश नेमा,सत्यप्रकाश नामदेव,डॉ.संदीप नेमा,कैलाश नेमा,प्रदीप नेमा,आशीष श्रीवास्तव,सचिन बिल्लौर,राहुल गीते,ब्रजल चौकसे,अमित विश्नोई,द्वारका नेमा,विवेक अग्रवाल,अजय नेमा,विशाल पंड्या सहित अनेक धर्मानुरागी जन उपस्थित रहे।

# सम्पादकीय

अभिव्यक्ति हमारा जन्मसिद्ध अधिकार है।




अर्थात शिवजी के सुंदर मस्तक पर चन्द्रमा, सिर पर गंगाजी, तीन नेत्र, साँपों का जनेऊ, गले में विष और छाती पर नरमुण्डों की माला थी। इस प्रकार उनका वेष अशुभ होने पर भी वे कल्याण के धाम और कृपालु हैं। भगवान शंकर के मस्तक पर चन्द्रमा को सुशोभित कर दिया गया। किसी ने पूछा, कि हे भोलेनाथ! आपने उस चन्द्रमा को सीस पर स्थान क्यों दिया, जो कि मन की भाँति चँचल है। गौतम नारि अहल्या का जिसने शील भँग करने का कुप्रयास किया हो, क्या उसे सीस पर सजाना उचित है?



## ट्रंप की यूक्रेन पर बवंडर नीति

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपनी घोषणा के अनुसार कार्यकाल की शुरुआत में ही रूस-यूक्रेन युद्ध समाप्त करने तथा शांति वार्ता आयोजित करने के संबंध में ठोस पहल की है। उन्होंने शांति वार्ता को जमीन पर उतरने के लिए रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ टेलीफोन पर करीब डेढ़ घंटे तक बातचीत की। इसी का परिणाम है कि मंगलवार को सऊदी अरब की राजधानी रियाद में अमेरिका और रूस के विदेश मंत्री शांति वार्ता का प्रारूप तैयार करने के लिए मुलाकात कर रहे हैं। राष्ट्रपति ट्रंप का यूक्रेन के संबंध में उठाया गया यह कदम अमेरिका की पुरानी नीति से एकदम अलग है और इसमें यूरोप के साथ गहराते मतभेदों के संकेत हैं। अगर ट्रंप युद्ध समाप्ति की दिशा प्रयास कर रहे हैं तो उनके प्रयास की सराहना की जानी चाहिए, क्योंकि इस युद्ध में यूक्रेन ने बहुत तबाही मोल ली है। इसलिए इसे रुकना ही चाहिए। बाइडन ने पुतिन को हत्यारा तानाशाह' कहा था और युद्ध को भड़कने का आरोप लगाया था। दूसरी ओर यूरोपीय नेताओं ने सोमवार को पेरिस में आपातकालीन बैठक कर यूक्रेन मुद्दे पर एक संयुक्त मोर्चा बनाने पर चर्चा की। वास्तव में ट्रंप की यूक्रेन पर बवंडर नीति ने यूरोप और स्वयं यूक्रेन के सामने हाशिये पर जाने का खतरा पैदा कर दिया है। यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की को सऊदी अरब में आयोजित शांति वार्ता में आमंत्रित नहीं किया गया है। नतीजतन शांति वार्ता की सफलता संदिग्ध है। जेलेंस्की और अन्य यूरोपीय देश रूस के साथ अपने विरोधपूर्ण संबंधों के कारण उसके आगे समर्पण करना नहीं चाहते। यूरोपीय देश यूक्रेन को हारता देखना नहीं चाहते, लेकिन उन्हें यह समझ में क्यों नहीं आता कि अपनी थोड़ी सी सहायता के बल पर यूक्रेन को युद्ध में झोंके रखना वस्तुतः कीव को विनाश के कगार पर पहुंचाना है।

# बेटे निशांत कुमार की लॉन्चिंग को तैयार हैं नीतीश कुमार, सही मौके का इंतजार

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के बेटे निशांत कुमार लगातार अपने बयानों से यह संकेत दे रहे हैं कि वे बिहार की सक्रिय राजनीति में उतरने को तैयार हैं। निशांत के बयानों पर नीतीश कुमार की चुप्पी भी यही संकेत दे रही है कि बिहार के मुख्यमंत्री अपनी राजनीतिक विरासत और अपनी पार्टी- जनता दल यूनाइटेड दोनों को अपने बेटे के हाथ में सौंपने की तैयारी कर रहे हैं।

नीतीश कुमार की चुप्पी और निशांत कुमार के बयानों के कई मतलब और मायने भले ही निकाले जा रहे हो लेकिन राजनीति को सही ढंग से समझने वाला कोई भी जानकर यह बता सकता है कि पिता-पुत्र के मन में क्या चल रहा है।

नीतीश कुमार शुरू से ही परिवारवाद की राजनीति के खिलाफ रहे हैं। कई बार तो वह सार्वजनिक मंच से परिवारवाद की राजनीति करने के लिए लालू यादव पर निशाना साध चुके हैं। यहां तक कि दशकों तक नीतीश कुमार किसी भी सार्वजनिक मंच पर अपने बेटे निशांत कुमार को अपने साथ नहीं ले गए। लेकिन पिछले कुछ दिनों से नीतीश कुमार और उनके बेटे निशांत कुमार की तस्वीरें लगातार सामने आ रही है। निशांत कुमार की राजनीति में एंट्री को लेकर जेडीयू नेताओं के बयान भी लगातार आ रहे हैं। दूसरी तरफ, जिन निशांत कुमार की तारीफ में यह बताया जाता था कि वह बहुत सादगी से रहते हैं, मीडिया की चकाचौंध से दूर रहते हैं। वही निशांत कुमार आजकल लगातार मीडिया के सामने आ रहे हैं। सबसे अधिक गौर करने वाली बात यह है कि वह मीडिया को गंभीर राजनीतिक मसलों पर बयान देकर, हंगामा भी खड़ा कर रहे हैं। एक पल के लिए यह माना जा सकता है कि अपने पिता को फिर से बिहार का मुख्यमंत्री बनाने के लिए वह बिहार के मतदाताओं से अपील कर रहे हैं लेकिन एनडीए गठबंधन को लेकर भी उनका बोलना यह दर्शाता है कि नीतीश कुमार उन्हें राजनीति में उतारने का फैसला कर चुके हैं, निशांत कुमार भी इसके लिए अपने आपको तैयार कर रहे हैं और अब लॉन्चिंग के लिए सही मौके का इंतजार किया जा रहा है।

जो बात नीतीश कुमार स्वयं अपनी जुबान से नहीं बोल पा रहे थे, उन्होंने वह बात अपने पुत्र निशांत कुमार की जुबान से बुलवाकर एक बड़ा राजनीतिक दांव खेल दिया है। निशांत कुमार ने एनडीए गठबंधन के सबसे बड़े दल भाजपा को नसीहत देते हुए कहा कि, एनडीए भी नीतीश कुमार को मुख्यमंत्री का चेहरा घोषित करे। जेडीयू के तमाम नेता और कार्यकर्ता सभी मिलकर सीएम फेस घोषित करें। ताकि उनके नेतृत्व में विकास कार्य जारी रहे। एक तरफ निशांत कुमार ने बीजेपी को एनडीए गठबंधन का नेता घोषित कर, विधानसभा चुनाव लड़ने की नसीहत दी तो वहीं दूसरी तरफ इशारों-इशारों में वह चिराग पासवान और प्रशांत किशोर जैसे नेताओं पर भी बड़ी बात कह गए।

निशांत कुमार के शब्दों पर गौर कीजिएगा। उन्होंने कहा कि, वे मीडिया के माध्यम से राज्य के तमाम युवाओं से आह्वान करते हैं कि पिताजी ने विकास किया है तो, उनके लिए वोट करें। पिछली बार लोगों ने उन्हें 43 सीटें दे दी, फिर भी उन्होंने विकास का क्रम रुकने नहीं दिया। इस बार सीट बढ़ना मांगता है, ताकि पिताजी आगे भी कार्य जारी रख सकें। यह सब जानते हैं कि 2020 के पिछले विधानसभा चुनाव में जेडीयू उम्मीदवारों को हराने में बड़ी भूमिका चिराग पासवान ने निभाई थी। चिराग पासवान ने 2020 के विधानसभा चुनाव में अपने आपको नरेंद्र मोदी का हुनमान बताते हुए नीतीश कुमार की पार्टी को 43 सीटों पर ला दिया था। इस बार कुछ उसी तरह की भूमिका निभाने की तैयारी प्रशांत किशोर करते हुए नजर आ रहे हैं।

निशांत कुमार जिस नपे-तुले शब्दों के साथ सधे हुए अंदाज में बयान दे रहे हैं, उससे यह साफ-साफ नजर आ रहा है कि एक-एक शब्द का चयन बहुत सावधानी से किया गया है। इसका सीधा मतलब यही निकलता है कि, कितने बड़े पैमाने पर तैयारी की जा रही है। ऐसे में यह तय माना जा रहा है कि इस बार के विधानसभा चुनाव में बिहार की जनता के सामने समाजवादी विचारधारा के आंदोलन से निकले एक और दिग्गज नेता के पुत्र अपने पिता के नाम पर वोट देने की गुहार लगाते नजर आ सकते हैं।

## रेवडियां हासिल करने वाले ज्यादा दोषी

ओमप्रकाश मेहता

भारतीय राजनीति में रेवडियों को लेकर सर्वोच्च न्यायालय ने चिंता व्यक्त करते हुए इस प्रक्रिया को प्रजातंत्र के लिए काफी आत्मघाती कदम बताया है अब इसे प्रजातंत्र पद्धति में व्याप्त दोष कहां जाए या और कुछ

किंतु मेरी नजर में तो देश विरोधी सिलसिला है जिसके लिए रेवडियां बांटने वाले कम उसे हासिल करने वाले ज्यादा दोषी है क्या हमारा स्तर इतना गिर चुका है कि आजादी की हीरक जयंती तक हम अज्ञानी और भिखारी बने हुए और थोड़े से लालच में अयोग्य और अवसरवादियों के हाथों में देश का भविष्य सौंप रहे है हमारे राजनेताओं की तो यह एक सोची समझी चाल है जिसके तहत वे भारतवासियों को हमेशा लाचार और दया का पात्र बनाकर रखना चाहते हैं तथा समय आने पर उसकी मजबूरी का राजनीतिक फायदा उठाते रहते हैं वह नहीं चाहते कि देश का आम मतदाता अपनी ज़रूरतें पूरी करने में पूर्णता सक्षम हो अब सर्वोच्च न्यायालय की कड़ी टिप्पणी को कितने लोग समझ पा रहे हैं या जानबूझकर समझना नहीं चाहते हैं यह एक अलग बात है किंतु इस मामले में सुप्रीमकोर्ट की चिंता एकदम सही है अब तो हमारे प्रजातंत्र का यह आम चलन ही हो गया है कि देश के लोगों को कभी भी आत्मनिर्भर व चिंता मुक्त मत होने दो तथा इन्हें हर तरीके से इतना परेशान करके रखो कि आम आदमी उनकी शरण में आने को मजबूर हो जाए

और वह उसकी आड़ में अपनी राजनीतिक स्वार्थ सिद्धि कर ले पहले तो सिर्फ चुनाव के समय ही रेवडियों का पिटारा खोलने का चलन था पर अब तो यह पिटारे कभी भी खोले जाने लगे हैं और राजनीतिक स्वार्थसिद्धि चुनावों की तरह 12 मास जारी रहती है यही नहीं इन पर अंकुश तो राजनेता अपने स्वार्थ वश लगा नहीं रहें हैं, और सरकारें भी इस दिशा में मौन दर्शक बनी हुई है अब ऐसी स्थिति मे न्यायपालिका ही है जिसने अपना मौन तोड़ा है

## भारत के कृषि-निर्यात में अभूतपूर्व वृद्धिः प्रथम बार हुए कई महत्वपूर्ण निर्यातों ने इतिहास रचा

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में, भारत के कृषि निर्यात में अभूतपूर्व विस्तार हुआ है जिसमें कई उत्पादों ने पहली बार अंतर्राष्ट्रीय बाजारों में अपनी पहुंच बनाई है। यह ऐतिहासिक विस्तार न सिर्फ व्यापार के संदर्भ में है अपितु यह किसानों को सशक्त बनाने, ग्रामीण आय को बढ़ावा देने और भारत की समृद्ध कृषि विरासत को वैश्विक पटल पर लाने से भी जुड़ा है। विशिष्ट फलों से लेकर पारंपरिक भोज्य पदार्थों तक, निर्यात की यह पहली खेपें इस बात का प्रत्यक्ष प्रमाण हैं कि मोदी सरकार का आत्मनिर्भर भारत का विजन भारतीय किसानों के लिए किस तरह से नए अवसरों का सृजन कर रहा है।

मोदी सरकार के नेतृत्व में पहली बार किए गए कुछ उल्लेखनीय कृषि निर्यात इस प्रकार हैं:

ऑस्ट्रेलिया के लिए भारतीय अनार की पहली समुद्री खेप

भारत के कृषि निर्यात में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि के रूप में भारत ने समुद्री मार्ग से क्रमशः प्रीमियम सांगोला और भगवा अनार की पहली खेप को सफलतापूर्वक ऑस्ट्रेलिया भेजा। यह सफलता न सिर्फ ऑस्ट्रेलिया में भारत के ताज़े फलों की बाज़ार पहुंच को बढ़ाती है, बल्कि इससे वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं में अधिक भारतीय उत्पादों के प्रवेश का मार्ग भी प्रशस्त होता है।

भारत के अनोखे जीआई-टैग युक्त पुरंदर अंजीर अब यूरोप में धूम मचा रहे हैं। वर्ष 2024 में, मोदी सरकार ने पुरंदर अंजीर से बने भारत के पहले रेडी-टू-ड्रिंक अंजीर जूस को पोलैंड को निर्यात करने की सुविधा दी। इससे पहले इसे वर्ष 2022 में जर्मनी को भी निर्यात किया गया था। पुरंदर अंजीर अपने विशिष्ट स्वाद और रंग-रूप के लिए जाने जाते हैं। यह निर्यात वैश्विक मंच पर भारत के अनूठे कृषि-उत्पादों को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है।

लंदन, बहरीन को पहली बार ड्रैगन फ्रूट का निर्यात किया गया

भारत द्वारा अपने फलों के निर्यात में विविधता लाने के प्रयास के अंतर्गत, स्थानीय रूप से कमलम के नाम से जाने जाने वाले फाइबर और खनिज युक्त ड्रैगन फ्रूट को वर्ष 2021 में लंदन और बहरीन निर्यात किया गया। लंदन को निर्यात की गई खेप गुजरात के कच्छ क्षेत्र के किसानों से प्राप्त की गई थी, जबकि बहरीन को भेजी गई खेप पश्चिमी मिदनापुर (पश्चिम बंगाल) के किसानों से प्राप्त की गई थी। वर्ष 2023 में भारत ने अमेरिका को हवाई मार्ग से ताजे अनार की अपनी पहली ट्रायल शिपमेंट निर्यात करके अमेरिकी बाजार में अपनी उपस्थिति का विस्तार करने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाया है। महाराष्ट्र के भगवा अनार में निर्यात की पर्याप्त संभावनाएं हैं और देश से फलों के निर्यात का लगभग 50 प्रतिशत राज्य के सोलापुर जिले से होता है। पूर्वोत्तर के लिए एक बड़ी उपलब्धि के रूप में वर्ष 2021 में, असम के लेटेकु के रूप में जाने जाने वाले बर्मी अंगूर की पहली खेप को दिल्ली के माध्यम से गुवाहाटी से दुबई भेजा गया। इस निर्यात ने असम के विदेशी उत्पादों को वैश्विक मानचित्र पर स्थान दिला दिया है जिससे अंतर्राष्ट्रीय व्यापार में भारत के पूर्वोत्तर राज्यों की क्षमता भी सिद्ध हुई है।

## दुर्गा सप्तशती का पाठ करने से एक साथ पूरे होते हैं कई उद्देश्य, जानिए असरदार तरीका

नवरात्रि पर मां दुर्गा की विशेष पूजा-अर्चना की जाती है। मां दुर्गा की पूजा करने से जातक को तमाम तरह के कष्टों से मुक्ति मिलती है और मां दुर्गा का आशीर्वाद प्राप्त होता है। वहीं इस दौरान दुर्गा सप्तशती का पाठ करना भी लाभकारी माना जाता है। लेकिन इसका विधि-विधान से पाठ करने में बहुत समय लग जाता है। हालांकि अगर कोई व्यक्ति पूरे 9 दिनों तक इसका पाठ करता है, तो इसमें बहुत समय लगता है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको एक ऐसा उपाय बताने जा रहे हैं, जिसको करने से आपको दुर्गा सप्तशती के पाठ जितना फायदा मिलेगा।

अगर आप मां दुर्गा की कृपा पाना चाहते हैं, तो सुबह-सुबह पूरे विधि-विधान से मां दुर्गा की पूजा-अर्चना करें। वहीं अगर आप दुर्गा सप्तशती का पाठ नहीं कर पा रहे हैं, तो आप सिद्ध कुंजिका स्त्रोत का पाठ करते सकते हैं। इसको दुर्गा सप्तशती पाठ की चाबी माना जाता है। सिद्ध कुंजिका स्त्रोत का पाठ करना बहुत शुभ माना जाता है। इस पाठ की खासियत है कि इसको पढ़ने से मारण, वशीकरण, उच्चाटन और स्तम्भन समेत अन्य उद्देश्यों की एक साथ पूर्ति होती है।

## नेशनल हाई-वे भी बनाइए, पेड़ भी बचाइए

केंद्र में भाजपा सरकार आने के बाद देश में नेशनल हाई-वे और एक्सप्रेस वे का निर्माण बड़ी तेजी के साथ शुरू हुआ। यह कार्य अनवरत जारी है। 2014-15 में जब केंद्र में भाजपा की सरकार बनी तो देश में कुल 97,830 किमी लंबे राष्ट्रीय राजमार्ग थे। मार्च 2023 तक देश भर में अलग-अलग 145,155 किमी लंबे राजमार्ग हो चुके थे। ये कार्य निरंतर जारी है। राजमार्ग के साथ ही तेजी से जगह जगह स्टेट हाई वे और जिला मार्ग भी बन रहे हैं। इन मार्ग के बनाने के लिए भारी संख्या में सड़क के किनारे के पेड़ कट रहे हैं। कटने वालों पेड़ के मुकाबले लगने वाले वृक्षों की संख्या कम है। सरकारी आंकड़े हैं कि लगने वाले वृक्षों लगभग 24 प्रतिशत मर जाते हैं। ऐसे में आज जरूरत है कि किसी भी तरह का मार्ग बनाया जाए उसके किनारे के बड़े और पुरान पेड़ न काटें जाएं। उन्हें दूसरी जगह शिफ्ट कर दिया जाए। लोकसभा में 22 जुलाई 2019 को दी गयी जानकारी में बताया गया था कि 2014 से 2019 के पांच साल के अंतराल में 1.09 करोड़ पेड़ काटने की अनुमति दी गई। सबसे ज्यादा अनुमति 2018-19 में 2691028 पेड़ काटने की दी गई। यह संख्या तो अनुमति लेकर काटे गए पेड़ों की है। मानना है कि इससे भी कई गुना पेड़ प्रति वर्ष बिना अनुमति लिए कट जाते हैं। ये काम उन अधिकारियों से मिलकर होता है, जो पेड़ों के कटान रोकने के लिए जिम्मेदार है। 13 दिसंबर 2021 को संसद में पेश किए गए एक लिखित जवाब के मुताबिक वित्त वर्ष 2016-17 से 2020-21 के बीच देश भर में वन (संरक्षण) अधिनियम, 1980 के तहत जितने पौधे लगाए गए थे, उसमें से 4.84 करोड़ पौधे खत्म हो गए। उन्होंने दावा किया कि इन पांच वर्षों में कुल 20.81 करोड़ पौधे लगाए गए इसमें से 15.96 करोड़ पौधों को ही बचाया जा सका है। इस आधार पर यदि राष्ट्रीय औसत देखें तो प्रतिपूरक वनीकरण के तहत वन कटाई के बदले जितने पौधे लगाए जा रहे हैं, उसमें से 24 फीसदी पौधे तमाम कारणों से खत्म हो जाते हैं। एक पेड़ की कीमत जानने के लिए सुप्रीम कोर्ट द्वारा गठित कमेटी की रिपोर्ट के मुताबिक, किसी भी एक पेड़ की कीमत 74 हजार 500 रुपये प्रति सालाना हो सकती है। हर हर साल बीतने के साथ ही उसकी कीमत में ये राशि जुड़ जाती है। इस एक पेड़ की कीमत से हम अनुमान लाग सकते हैं कि प्रतिवर्ष लाखों पेड़ काट कर देश की कितनी बड़ी संपदा का हम दौहन कर रहे हैं।

व?िकास के लिए जहां पेड़ों का कटना जरूरी है वहीं समय की जरूरत कुछ और है। वनों का तेजी के साथ दोहन होने से पर्यावरण बुरी तरह प्रभावित हो रहा है।

## मंगलवार को हनुमान जी का व्रत करने से दूर होंगे कष्ट, जानिए पूजन विधि और कथा

मंगलवार का दिन हनुमान जी को समर्पित होता है। हनुमान जी पराक्रम, बल, सेवा और भक्ति के आदर्श देवता माने जाते हैं। इसी वजह से हनुमान जी को सकलगुणनिधान भी कहा गया है। हनुमान जी इकलौते ऐसे देवता हैं, जो हर युग में किसी न किसी रूप और गुणों के साथ जगत के लिए संकटमोचन बनकर मौजूद रहते हैं। धार्मिक शास्त्रों में कहा गया है कि हनुमान जी की सेवा करने और व्रत रखने से भक्तों पर उनकी विशेष कृपा बनी रहती है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको मंगलवार की व्रत कथा और पूजन विधि के बारे में बताने जा रहे हैं।

ज्योतिष शास्त्र के मुताबिक हनुमान जी का व्रत करने से कुंडली में मौजूद सभी ग्रह शांत होते हैं। साथ ही जातक को हनुमान जी की विशेष कृपा प्राप्त होती है। संकटमोचन हनुमान जी अपने भक्तों पर आने वाले हर संकट को दूर करते हैं। वहीं संतान प्राप्ति के लिए हनुमान जी का व्रत फलदायी माना जाता है। साथ ही इस व्रत को करने से भूत-प्रेत और काली शक्तियों का प्रभाव नहीं पड़ता है। वहीं इस व्रत को करने से सम्मान, साहस और पुरुषार्थ बढ़ता है।

## महाकुंभ की ऐतिहासिक सफलता पर अनर्गल प्रलाप क्यों?

टीएमसी अध्यक्ष ममता बनर्जी ने महाकुम्भ को मृत्युकुम्भ कहा तो सपा सांसद जया बच्चन एवं कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे कहते हैं कि शवों को गंगा में बहा दिया गया, लालू यादव कहते हैं फालतू है महाकुम्भ।


महाकुंभ केवल एक धार्मिक समागम ही नहीं है, यह भारत की संस्कृति का भी परिचायक एवं आत्मा है। इस बार महाकुंभ में जितनी बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया, वह अकल्पनीय है, विश्व में इतने विशाल जनसमूह को आकर्षित एवं नियोजित करने वाले धार्मिक, सांस्कृतिक और सामाजिक आयोजन की कोई दूसरी मिसाल नहीं मिलती। इस सफल एवं ऐतिहासिक आयोजन से विपक्षी दल एवं नेता बौखलाये हुए हैं और अपने बेतूके एवं अनर्गल प्रलाप से न केवल इस आयोजन की सफलता-गरिमा को धुंधलाना चाहते हैं बल्कि सनातन संस्कृति का उपहास उड़ा रहे है। टीएमसी अध्यक्ष ममता बनर्जी ने महाकुम्भ को मृत्युकुम्भ कहा तो सपा सांसद जया बच्चन एवं कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे कहते हैं कि शवों को गंगा में बहा दिया गया, लालू यादव कहते हैं फालतू है महाकुम्भ। इस प्रकार के गैर जिम्मेदाराना बयान सनातन धर्म के जुड़े हुए सबसे बड़े आयोजन के प्रति दिए गए हैं। ऐसे एवं कुछ अन्य विपक्षी नेताओं के भ्रामक, त्रासद एवं गुमराह करने वाले बयानों से वहां जाने वाले लोगों को भयभीत, आतंकित और आशंकित किया गया। इन विपक्षी नेताओं का एक वर्ग, धर्म का मखौल एवं उपहास उड़ाते हुए लोगों को तोड़ने में जुटा है और बहुत बार विदेशी ताकतें भी इन लोगों का साथ देकर देश और धर्म को कमजोर करने की कोशिश करती दिखती हैं। यह समझ आता है कि कुछ तथाकथित प्रगतिशील और धर्मनिरपेक्षतावादी लोगों को सनातन धर्म से जुड़ा हर पर्व और परंपरा रास नहीं आती, लेकिन प्रश्न यह है कि क्या वे अन्य मतावलंबियों के ऐसे धार्मिक-सांस्कृतिक आयोजनों पर उसी तरह की टीका टिप्पणी करते हैं जैसी उन्होंने महाकुंभ को लेकर की। आखिर हिन्दू समाज अपने अस्तित्व एवं अस्मिता पर हो रहे इन हमलों एवं आघातों के लिये कब जागरूक एवं संगठित होगा?

प्रयागराज महाकुंभ 2001, इस सहस्राब्दी का पहला कुंभ था, जो एक दुर्लभ खगोलीय संयोग के चलते 144 साल बाद हुआ है। जिसमें लगभग 62 करोड़ से अधिक लोगों के स्नान, रहने, चिकित्सा, यातायात व्यवस्था, भीड़ प्रबंधन, स्वच्छता और सुरक्षा की शानदार एवं ऐतिहासिक व्यवस्थाएं करके मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सरकार ने न केवल देश बल्कि दुनिया को चौंकाया है। यह दुनिया का पहला विशाल आयोजन है, जिससे भारत एवं सनातन धर्म का गर्व एवं गौरव दुनिया में बढ़ा है। बावजूद इसके विपक्षी नेता जिस तरह की बातें कह एवं कर रहे हैं, निश्चित ही यह उनकी राजनीतिक अपरिपक्वता, सनातन विरोधी मानसिकता को ही दर्शा रहा है, वे लगातार विभाजनकारी राजनीति को प्रोत्साहन देते हुए भूल जाते हैं कि उनके ऊपर देश को तोड़ने नहीं, जोड़ने की जिम्मेदारी है। वे जानते नहीं कि वे क्या कह रहे हैं। उससे क्या नफा-नुकसान हो रहा है या हो सकता है। वे तो इसलिए बोल रहे हैं कि वे बोल सकते हैं, उन्हें बोलने की आजादी है, लेकिन इसका नुकसान देश को भुगतना पड़ रहा है। विडम्बना देखिये कि इसका नुकसान उनको एवं उनके दल को भी हो रहा है। भारत में सनातन विरोध की राजनीति करके वे अपनी ही जड़े उखाड़ रहे हैं, यह उनकी राजनीतिक अपरिपक्वता को ही दर्शा रहा है।

मध्यप्रदेश के छतरपुर में बागेश्वर धाम मेडिकल एवं साइंस रिसर्च सेंटर की आधारशिला रखते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने महाकुंभ का उल्लेख करते हुए जिस तरह कुछ विपक्षी नेताओं पर निशाना साधा, उसकी आवश्यकता इसलिए थी, क्योंकि कुछ लोग वास्तव में अनावश्यक और अनर्गल टीका-टिप्पणी करने में लगे हुए हैं। पुरानी कहावत है, मियाँ को न पाऊँ तो बीवी को नोच खाऊँ वाली स्थिति विपक्षी नेताओं एवं दलों की हो चुकी है। इसे छिद्रान्वेषी मानसिकता ही कहा जाएगा। इस प्रकार की उद्देश्यहीन, अनर्गल, उच्छृंखल एवं विध्वंसात्मक आलोचना से किसी का हित सधता हो, ऐसा प्रतीत नहीं होता। विपक्षी नेता अपने नजरिए को बदलें और देश में नफरत और झूठ की राजनीति करके भ्रम फैलाने की ओछी राजनीतिक हरकतों से बाज आएं। विपक्ष जिस भाषा का प्रयोग कर रहा है, वह किसी भी सभ्य समाज को शोभा नहीं देती। विपक्षी नेताओं ने सारी हदें लांघते हुए जो तुलनाएँ की, जो अनर्गल प्रलाप किया है वह निश्चित रूप से अतिरेक या अतिशयोक्ति कही जा सकती हैं। प्रतीत होता है हर दिखते समर्पण की पीठ पर स्वार्थ चढ़ा हुआ है। इसी प्रकार हर अभिव्यक्ति में कहीं न कहीं स्वार्थ की राजनीति है, सत्तापक्ष को नुकसान पहुंचाने की ओछी मनोवृत्ति है।

कुछ विपक्षी नेताओं ने चुन-चुनकर इस आयोजन की समस्याओं को गिनाने में अतिरिक्त दिलचस्पी दिखाई और इस क्रम में वहां मची भगदड़ का जिक्र करते हुए यहां तक कहा कि उसमें हजारों लोगों की मृत्यु हुई है। यह गैरजिम्मेदारी, मानसिक दिवालियापन एवं अपरिपक्व सोच के अतिरिक्त और कुछ नहीं। यह अच्छा हुआ कि प्रधानमंत्री ने ऐसे लोगों को कठघरे में खड़ा किया, क्योंकि वे हिंदू आस्था पर जानबूझकर प्रहार ही कर रहे थे। प्रधानमंत्री ने सही कहा कि महाकुंभ भारत की संस्कृति, आस्था और एकता का प्रतीक है। यह ठीक है कि जिस आयोजन में प्रतिदिन एक-दो करोड़ लोगों की भागीदारी होती हो, वहां कुछ समस्याएं हो सकती हैं और वे दिखीं भी, लेकिन इसका यह अर्थ नहीं कि इस आयोजन को विफल बताने की कोशिश की जाए अथवा यह कहा जाए कि श्रद्धालुओं को उनके हाल पर छोड़ दिया गया है। अच्छा हो कि विपक्षी नेता यह समझें कि ऐसे आयोजनों पर उनकी बेजा एवं बेतूकी टिप्पणियां उन्हें राजनीतिक रूप से नुकसान ही पहुंचाती हैं। हिन्दू आस्था से नफरत करने वाले ये लोग सदियों से किसी न किसी शक्ल में रहते रहे हैं। गुलामी की मानसिकता से घिरे ये लोग हिन्दू मठों, मंदिरों, संतों, संस्कृति व सिद्धांतों पर हमला करते हुए राजनीति करते रहे हैं। ऐसे लोग भूल जाते है कि हिन्दू भारत का बहुसंख्य वर्ग है, भारत एक हिन्दू राष्ट्र है, उसका विरोध करते हुए वे अपनी राजनीति जमीन को ही खोखला करते हैं।

## -:: आज का राशिफल ::-



मेष राशि- आज आपका सोचा हुआ काम पूरे होंगे। परिवार के लोगों से आपको सहयोग मिलेगा। आपको माता-पिता का आशीर्वाद प्राप्त होगा। आज आप नया काम शुरू करने की योजना बनाएंगे,

वृष राशि- आज आपको इनकम में बढ़ोतरी के लिए किसी की मदद मिल सकती है । आपको किस्मत का साथ मिलेगा। जीवनसाथी किसी काम के लिए आपकी तारीफ कर सकते है, इससे आपका मन खुश रहेगा ।

मिथुन राशि- आज आप अपनी जिम्मेदारियों को बखूबी निभाने में सफल होंगे। आपकी फिटनेस बनी रहेगी। आप जीवनसाथी की किसी काम में मदद करेंगे। जीवन में आगे बढ़ने के नए रास्ते अपने आप खुलते जायेंगे ।

कर्क राशि- आज आपका दिन ठीक-ठाक रहेगा। आर्थिक उतार-चढ़ाव की स्थितियां देखने को मिलेगी। व्यापार की गति ठहरने से किसी अनुभवी व्यक्ति से सलाह लेंगे, जिससे जल्द ही सबकुछ अच्छा हो जायेगा।

सिंह राशि- आज आपका दिन अच्छा रहेगा। घर में भाई-बहन की मदद से आपका आत्मविश्वास बढ़ेगा। करियर में आपको सफलता मिलेगी। अनियमित दिनचर्या के कारण थोड़ा आलस्य और थकान बना रहेगा।

कन्या राशि- आज आपका दिन उत्तम रहेगा। आर्थिक लाभ के अच्छे अवसर प्राप्त होंगे । आज आपका स्वास्थ्य पहले से बेहतर रहेगा।

तुला राशि- आज आपका दिन मिला-जुला रहेगा। माता-पिता का स्वास्थ्य काफी अच्छा रहेगा। पुरानी बातों के झंझट में पड़ने से आपको बचना चाहिए। छोटी-छोटी बातों पर गुस्सा करने से कुछ लोग आपका विरोध कर सकते हैं।

वृश्चिक राशि- आज आपका दिन शानदार रहने वाला है। आज आपको मानसिक उलझनों से मुक्ति मिलेगी, जिससे काफी राहत महसूस करेंगे। परिवारजनों के साथ खुशियों के पल बितायेंगे। दांपत्य रिश्ते में मजबूती आयेगी।

धनु राशि- आज आपका दिन ख़ुशी से भरा रहेगा। शैक्षणिक कार्यों में आपका मन लगेगा। इस राशि के राजनीति से जुड़े लोगों को सफलता मिलेगी। आज आप घरेलू काम को निपटाने में सफल रहेंगे।

मकर राशि- आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आपके रिश्तों में मिठास बढ़ेगी। आज आप अपना काम समय से पूरा कर लेंगे। अगर नया काम शुरू करना चाहते हैं तो फिलहाल कुछ दिनों के लिए रुक जाना अच्छा रहेगा।

कुंभ राशि- आज आपको अच्छी खबर मिलेगी, जिससे पूरे दिन आपका मन प्रसन्न रहेगा। लंबे समय से चल रहा किसी कोर्ट-कचहरी के मामले को निपटने के लिए किसी ख़ास दोस्त से फ़ोन पर राय लेंगे।

मीन राशि- आज आपके व्यक्तित्व में निखार आयेगा। अध्यात्म के प्रति लगाव बढ़ेगा। जीवनसाथी के सहयोग से काम पूरे हो जायेंगे ।



कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने एक बयान में परिसीमन पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की टिप्पणी की कड़ी आलोचना की, इसे विश्वसनीय नहीं और दक्षिणी राज्यों में भ्रम पैदा करने के उद्देश्य से कहा। सिद्धारमैया ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के इस दावे का कड़ा विरोध किया कि आगामी परिसीमन प्रक्रिया में दक्षिणी राज्यों के साथ अनुचित व्यवहार नहीं किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने बयान में कहा, ऐसा लगता है कि या तो उनके पास उचित जानकारी का अभाव है

# कमजोर वर्गों के अरमानों का मजाक उड़ाता है सबका साथ, सबका विकास का नारा: खड़गे

नई दिल्ली (आरएनएस)। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़े वर्गों और अल्पसंख्यक समुदायों के बच्चों की छात्रवृत्ति के लाभार्थियों की संख्या में कथित गिरावट को लेकर मंगलवार को आरोप लगाया कि सबका साथ, सबका विकास का नारा कमजोर वर्गों के अरमानों का मजाक उड़ाता है.

उन्होंने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक चार्ट साझा किया जिसमें उल्लेख है कि एससी, एसटी, ओबीसी और अल्पसंख्यक बच्चों के लिए छात्रवृत्ति के लाभार्थियों में भारी गिरावट आई है. खड़गे ने एक्स पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को संबोधित एक पोस्ट में कहा कि नरेंद्र मोदी जी, देश के एससी, एसटी, ओबीसी और अल्पसंख्यक वर्ग के युवाओं की छात्रवृत्तियों को आपकी सरकार ने हथियाने का काम किया है.

उन्होंने दावा किया कि ये शर्मनाक सरकारी आंकड़े बताते हैं कि सभी वजीफों में मोदी सरकार ने लाभार्थियों की संख्या में भारी कटौती तो की है, साथ ही औसतन साल-दर-साल 25 प्रतिशत फंड भी कम खर्च किया है. खड़गे ने सवाल किया कि जब तक देश के कमजोर वर्ग के छात्रों को अवसर नहीं मिलेगा, उनके हुनर को प्रोत्साहन नहीं मिलेगा, तब तक हम अपने देश के युवाओं के लिए नौकरियां कैसे बढ़ा पाएंगे? उन्होंने आरोप लगाया कि आपका सबका साथ, सबका विकास का नारा, रोजाना कमजोर वर्गों के अरमानों का मजाक उड़ाता है. इससे पहले, राहुल गांधी ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) पर निशाना साधते हुए दावा किया कि दोनों संविधान के खिलाफ हैं. कांग्रेस नेता ने कहा कि भारत में विचारधारा की लड़ाई चल रही है. एक तरफ कांग्रेस पार्टी संविधान में विश्वास करती है और इसके लिए लड़ रही है. दूसरी तरफ आरएसएस और भाजपा जो भारतीय संविधान, बीआर अंबेडकर और महात्मा गांधी के संविधान के खिलाफ हैं, इसे कमजोर करते हैं और इसे खत्म करना चाहते हैं. भारतीय संविधान सिर्फ एक किताब नहीं बल्कि भारत की हजारों साल पुरानी सोच है. इस संविधान में भारत के महान व्यक्तियों की आवाज और सोच है.

**कश्मीर में भारी बर्फबारी का अनुमान, जमीनी और हवाई संपर्क हो सकता है प्रभावित**

श्रीनगर (आरएनएस)। कश्मीर घाटी में अगले तीन दिनों तक मध्यम से भारी बर्फबारी होने की संभावना है, क्योंकि एक ताजा और सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ क्षेत्र में मौसम को प्रभावित करेगा. भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) ने आज यह जानकारी दी. आईएमडी के अनुसार, 25 फरवरी से 28 फरवरी, 2025 तक जम्मू और कश्मीर में मध्यम से भारी बर्फबारी की संभावना है. विभाग ने बताया कि कश्मीर के मध्य और ऊंचे इलाकों और जम्मू के पहाड़ी इलाकों में मध्यम से भारी बर्फबारी होने की उम्मीद है, जबकि दक्षिण कश्मीर और चिनाब घाटी के कुछ ऊंचे इलाकों में 27 और 28 फरवरी के बीच भारी से बहुत भारी बर्फबारी हो सकती है. आईएमडी ने कहा कि इस मौसम प्रणाली के प्रभाव में जम्मू और कश्मीर के अधिकांश स्थानों पर व्यापक मध्यम बारिश, बर्फबारी और गरज के साथ छींटे पड़ने की संभावना है. 25 फरवरी शाम से उत्तर और मध्य कश्मीर के स्थानों पर सबसे पहले हल्की से मध्यम बर्फबारी शुरू होगी और उसके बाद पूरे जम्मू-कश्मीर में इसकी तीव्रता में धीरे-धीरे वृद्धि होगी. इस मौसम सिस्टम के कारण मुख्य रूप से कश्मीर संभाग के मध्य और ऊपरी इलाकों (गुलमर्ग, सोनमर्ग, बारामुल्ला, बांदीपुरा (गुरेज और तुलैल घाटी), कुपवाड़ा (माछिल और तंगधार सेक्टर), शोपियां (पीर की गली), काजीगुंड-रामबन अक्ष, जम्मू संभाग के डोडा, किश्तवाड़ और पीरपंजाल रेंज) में मध्यम से भारी बर्फबारी होने की संभावना है.



केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल के स्मार्ट सिटी पार्क में अपने दैनिक वृक्षारोपण संकल्प के तहत एक पौधा लगाया.



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा गुवाहाटी, असम में एडवांटेज असम 2.0 निवेश और बुनियादी ढांचा शिखर सम्मेलन 2025 के उद्घाटन के दौरान.

## सीएम रेखा ने विधानसभा में पेश की कैग रिपोर्ट, 2000 करोड़ का घाटा; लाइसेंस देने में अनियमितता

नई दिल्ली (आरएनएस)। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने मंगलवार को विधानसभा सत्र की शुरुआत के साथ ही नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (कैग) की दिल्ली में शराब की आपूर्ति एवं विनियमन पर निष्पादन लेखापरीक्षा रिपोर्ट पेश की।

इसमें अब समाप्त हो चुकी दिल्ली आबकारी नीति के क्रियान्वयन में खामियों को उजागर किया गया है।

रिपोर्ट के अनुसार, आप सरकार द्वारा लाई गई शराब नीति से सरकार को 2,002 करोड़ रुपये के राजस्व का नुकसान हुआ है।

कैग रिपोर्ट में 2017-18 से 2021-22 के बीच शराब के विनियमन और सप्लाई की जांच की गई है। इसमें 2021-22 की आबकारी नीति की भी समीक्षा भी की गई है। हालांकि, इस शराब नीति को सितंबर 2022 में वापस ले लिया गया था।

कैग रिपोर्ट में कहा गया है कि शराब नीति से आम आदमी को नुकसान झेलना पड़ा और आम आदमी पार्टी (आप) नेताओं को रिश्वत मिली।

रिपोर्ट के अनुसार, आप सरकार की नई शराब नीति से सरकार को लगभग 2,002 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है। इसमें जोनल लाइसेंस में छूट देने से लगभग 940 करोड़, रिटेंडर प्रक्रिया से 890 करोड़ और कोविड-19 प्रतिबंधों में शराब कारोबारियों को लाइसेंस शुल्क में छूट देने से 144 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ।

रिपोर्ट के अनुसार, शराब लाइसेंस में प्रतिभूति जमा राशि सही से एकत्र न करने के कारण सरकार को कुल 27 करोड़ रुपये के राजस्व का नुकसान झेलना पड़ा है। इसी तरह, दिल्ली एक्साइज नियम, 2010 के नियम 35 को सही से लागू नहीं किया गया, शराब निर्माण और वितरण दोनों में दिलचस्पी रखने वाले कारोबरियों को लाइसेंस देकर एक ही तरह के लोगों को फायदा पहुंचाया गया और शराब बिक्री का कमीशन 5 से बढ़ाकर 12 प्रतिशत कर दिया गया।

रिपोर्ट के अनुसार, नई नीति में एक व्यक्ति को 2 दर्जन से अधिक लाइसेंस दिए गए, जबकि पूर्व में एक ही लाइसेंस ले सकता था। पहले दिल्ली में 60 फीसदी शराब बिक्री 4 सरकारी कॉर्पोरेशन से होती थी, लेकिन नई शराब नीति में किसी भी निजी कंपनी रिटेल लाइसेंस देने का प्रावधान कर अतिरिक्त लाभ कमाया गया। लाइसेंस देने से पहले आर्थिक या आपराधिक जांच नहीं की गई और लाइसेंस देने में राजनीतिक दखल के साथ भाई भतीजावाद किया गया।

नवंबर 2021 में पेश की गई दिल्ली आबकारी नीति को गेम-चेंजर के रूप में पेश किया गया था। हालांकि, भ्रष्टाचार और वित्तीय अनियमितताओं के आरोपों के बीच नीति की काफी आलोचना हुई थी।

इस मामले में केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने आप संयोजक अरविंद केजरीवाल और पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया सहित दिल्ली सरकार में आप के शीर्ष नेताओं को इस मामले में गिरफ्तार किया गया था। वर्तमान में ये सभी नेता जमानत पर चल रहे हैं। विधानसभा में कैग रिपोर्ट पेश किए जाने के दौरान आप नेताओं ने जमकर हंगामा किया और इसे राजनीतिक द्वेषता से प्रेरित बताया। विधायकों का कहना था कि यह रिपोर्ट पहले से ही केंद्र सरकार के पास है।

## बिहार में समावेशी स्वास्थ्य सुविधाओं को और ज्यादा विकसित किए जाने की जरुरत-राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू

पटना (आरएनएस)। भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मंगलवार को बिहार का दौरा किया है। राष्ट्रपति ने राजधानी पटना के बापू सभागार में पटना मेडिकल कॉलेज और अस्पताल (पीएमसीएच) के शताब्दी समारोह को संबोधित किया। इस दौरान राष्ट्रपति मुर्मू बिहार सरकार की सराहना करते हुए कहा कि राज्य सरकार ने चिकित्सा बुनियादी ढांचे के समग्र विकास के लिए काफी काम किया है। हालांकि, राष्ट्रपति ने आगे ये कहा कि बिहार में समावेशी स्वास्थ्य सुविधाओं को और ज्यादा विकसित किए जाने की जरूरत है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने अपने संबोधन में कहा- मुझे खुशी है कि बिहार सरकार ने पिछले कुछ वर्षों में स्वास्थ्य व्यवस्था में सुधार के लिए अनेक उल्लेखनीय प्रयास किए हैं। पीएमसीएच के पुनर्विकास की योजना भी इनमें से एक कदम है। उन्होंने आगे कहा- "बिहार सरकार ने चिकित्सा बुनियादी ढांचे के समग्र विकास के लिए बहुत कुछ किया है, लेकिन राज्य में और अधिक समावेशी स्वास्थ्य सुविधाएं विकसित किए जाने की आवश्यकता है। पीएमसीएच को कैंसर और अन्य गंभीर बीमारियों के इलाज, अनुसंधान के लिए देश के अन्य अस्पतालों के साथ समन्वय करना चाहिए।"



नई दिल्ली में मंत्रियों के कार्यालयों से डॉ. भीमराव अंबेडकर की तस्वीर हटाने को लेकर विपक्ष की नेता आतिशी ने आम आदमी पार्टी के नेताओं के साथ भाजपा सरकार के खिलाफ विधानसभा के बाहर विरोध प्रदर्शन किया।

## कांग्रेस पर भड़कीं प्रीति जिंटा, फेक न्यूज को बढ़ावा देने का लगाया आरोप, बोलीं- 'आपको शर्म आनी चाहिए'

मुंबई (आरएनएस)। अभिनेत्री प्रीति जिंटा ने मंगलवार को सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर किया, जिसमें वह 10 साल पहले लिए लोन का जिक्र करते हुए कांग्रेस पार्टी पर भड़कती और फेक न्यूज को बढ़ावा देने का आरोप लगाती नजर आईं। उन्होंने पार्टी से कहा कि उन्हें इस कृत्य के लिए शर्म आनी चाहिए। एक्स हैंडल केरल कांग्रेस ने एक पोस्ट शेयर किया, जिसमें लिखा था, उन्होंने (प्रीति जिंटा) अपने सोशल मीडिया अकाउंट भाजपा को दे दिए और 18 करोड़ रुपये माफ करवा लिए। पिछले हफ्ते बैंक को नुकसान हुआ और अब जमाकर्ता अपने पैसों के लिए सड़क पर आ गए हैं। केरल कांग्रेस की पोस्ट को री-पोस्ट करते हुए प्रीति जिंटा ने कांग्रेस को जमकर लताड़ लगाई। उन्होंने लिखा, नहीं, मैं अपने सोशल मीडिया अकाउंट खुद ही चलाती हूं और आपको फेक न्यूज को बढ़ावा देने के लिए शर्म आनी चाहिए! किसी ने मेरे लिए कुछ भी नहीं लिखा या कोई लोन नहीं लिया। अभिनेत्री ने किसी पार्टी द्वारा फेक न्यूज को बढ़ावा देने के लिए हैरानी जताई। उन्होंने आगे लिखा, मैं हैरान हूं कि कोई राजनीतिक पार्टी या उनका प्रतिनिधि मेरे नाम और तस्वीरों का इस्तेमाल करके फेक न्यूज को बढ़ावा दे रहा है

## भारत से भी जल्द वापस भेजे जाएंगे अवैध घुसपैठिए, डेडलाइन तय

नई दिल्ली (आरएनएस)। असम के ट्रांजिट कैंपों में हिरासत में लिए गए 270 विदेशी नागरिकों के निर्वासन के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को सख्त रुख अपनाया. अदालत ने अपने पहले के निर्देशों का पालन सुनिश्चित करने के लिए केंद्र सरकार से जवाब मांगा है. सुनवाई के दौरान, अदालत ने 21 मार्च की डेडलाइन तय करते हुए कहा कि अब और समय नहीं दिया जाएगा. केंद्र सरकार की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने मामले पर विचार-विमर्श जारी रहने और अतिरिक्त समय की आवश्यकता की बात कही. जस्टिस अभय एस ओका और जस्टिस उज्जल भुयान की पीठ ने सॉलिसिटर जनरल की अपील पर सुनवाई स्थगित कर दी. इससे पहले, बेंच ने कहा था कि विदेशियों के निर्वासन के मुद्दे को उच्चतम स्तर पर निपटाया जा रहा है और यदि संभव हो, तो सरकार इस संबंध में आधिकारिक फैसले को रिकॉर्ड में दर्ज करे. सुप्रीम कोर्ट विदेशियों को निर्वासित करने के बजाय अनिश्चितकाल तक कैद में रखने को लेकर पहले भी असम सरकार को फटकार लगा चुका है. अदालत ने सरकार से सवाल पूछा था कि क्या वह इन लोगों को वापस भेजने के लिए किसी मुहूर्त का इंतजार कर रही है. पीठ ने यह भी कहा था कि असम सरकार तथ्यों को छिपा रही है और हिरासत में लिए गए लोगों के विदेशी होने की पुष्टि होते ही उन्हें तत्काल निर्वासित कर दिया जाना चाहिए. अदालत ने असम सरकार की इस सफाई पर आश्चर्य जताया था कि वह विदेश मंत्रालय को राष्ट्रीयता सत्यापन फॉर्म इसलिए नहीं भेज रही है, क्योंकि विदेश में बंदियों का पता ज्ञात नहीं है. इस पर अदालत ने तीखी टिप्पणी करते हुए कहा, 'आपने यह कहकर निर्वासन की प्रक्रिया शुरू करने से इनकार कर दिया कि उनके पते ज्ञात नहीं हैं.

## आरोप लगाना और भाग जाना, विपक्ष की आदत बन गई : चिराग पासवान

पटना (आरएनएस)। लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के प्रमुख और केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने मंगलवार को विपक्ष के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के झूठ बोलने के आरोप लगाने पर पलटवार किया।

चिराग पासवान ने कहा कि प्रधानमंत्री ने क्या झूठ बोला है, यह बताएं। आजकल विपक्ष की आदत बन गई है कि झूठ बोलना और भाग जाना। पत्रकारों से बातचीत करते हुए केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने कहा कि भारत एक लोकतांत्रिक देश है और देश की जनता यह सब बातें देखती है और उसी के आधार पर अपना फैसला करती है। एक झूठ बोलने वाले मुख्यमंत्री दिल्ली में थे, जो बड़े-बड़े वादे कर के आए थे, उनके साथ देश की जनता ने क्या किया, 10 साल के बाद दिल्ली की सत्ता से उन्हें बाहर कर दिया। इसी तरीके से अगर देश में कोई झूठ बोलता है तो लोकतंत्र में इतनी ताकत है कि उस व्यक्ति को अगले चुनाव में जनता अपना फैसला सुना देगी।



भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और आम आदमी पार्टी (आप) के पार्षद नई दिल्ली के सिविक सेंटर में एमसीडी सदन की बैठक के दौरान नारेबाजी करते हुए।




राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, कांग्रेस नेता सचिन पायलट और कांग्रेस विधायकों ने पूर्व पीएम इंदिरा गांधी पर टिप्पणी को लेकर रा%य सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया,

## इलेक्रामा 2025 में 20 स्टार्टअप्स की प्रतिस्पर्धा में एआई, स्वचालन और सस्टेनेबिलिटी सबसे आगे

ग्रेटर नोएडा - एक दिन पहले श्री पीयूष गोयल के एक प्रभावशाली संबोधन के बाद, बहुप्रतीक्षित आईईईएमए के स्टार्टअप्स से जुड़े प्रमुख कार्यक्रम इलेक्ट्रावर्स स्पार्क्स के तीसरे संस्करण के उद्घाटन के साथ इलेक्रामा 2025 के चौथे दिन उत्साह का माहौल बना रहा। इस मंच पर एनर्जी, इलेक्ट्रॉनिक्स, एआई, ऑटोमेशन और सस्टेनेबिलिटी समाधानों में अपने सफल नवाचारों को प्रदर्शित करने के लिए अर्ली-स्टेज और लेट-स्टेज स्टार्टअप्स एक साथ आए। यह कार्यक्रम 20 सबसे भरोसेमंद स्टार्टअप्स के लिए एक प्रतिस्पर्धी मंच के तौर पर सामने आया, जिनमें से प्रत्येक ने उद्योग को बदलने की क्षमता वाले अत्याधुनिक समाधान प्रस्तुत किए।

मिनिस्ट्री ऑफ हैवी इंडस्ट्रीज में संयुक्त सचिव विजय मित्तल (आईओएफएस) की उपस्थिति में आज वर्ल्ड यूटिलिटी समिट (डब्ल्यूयूएस) का समापन हुआ और इसमें ग्रिड आधुनिकीकरण, सस्टेनेबिल एनर्जी से जुड़ी नीतियों और बिजली क्षेत्र में डिजिटल परिवर्तन के बारे में बहुमूल्य जानकारियां दी गईं। इसके साथ ही, उभरती टेक्नोलॉजीज के लिए उद्योग के प्रमुख फोरम ईटेकनेक्स्ट (श्वह्लद्गष्द्धठ्ठ×ह्ल) का समापन एआई इंटिग्रेशन, आईओटी-आधारित स्मार्ट ग्रिड और एनर्जी मार्केट्स में ब्लॉकचेन एप्लिकेशंस पर चर्चा के साथ हुआ। मिनिस्ट्री ऑफ हैवी इंडस्ट्रीज में संयुक्त सचिव विजय मित्तल (आईओएफएस) ने डब्ल्यूयूएस के समापन के दौरान कहा, विद्युत ऊर्जा उत्पादन और यूटिलिटीज के क्षेत्र में सेक्टर से जुड़े विशेषज्ञों के साथ जुड़ना मेरे लिए सौभाग्य की बात है। पेशे से इलेक्ट्रिकल इंजीनियर के रूप में, पनबिजली (हाइड्रो पावर) उत्पादन से लेकर वर्तमान भूमिका तक की मेरी यात्रा के दौरान हैवी इलेक्ट्रिकल सेक्टर की महत्वपूर्ण भूमिका के प्रति मेरा भरोसा और मजबूत हुआ है। भारत में ऊर्जा की मांग वैश्विक औसत से ज्यादा गति से बढ़ रही है और हमारा ध्यान घरेलू मैन्युफैक्चरिंग को बढ़ाने, सप्लाई चेन में लचीलेपन को मजबूती देने और ग्रीन एनर्जी समाधानों को अपनाने में तेजी लाने पर होना चाहिए। उन्होंने कहा, एडवांस्ड केमिस्ट्री सेल्स के लिए प्रोडक्शन लिंक्ड इंसेंटिव और बेहतर क्वालिटी स्टैंडर्ड्स जैसे रणनीतिक उपाय, एक ऐसे इकोसिस्टम को बढ़ावा दे रहे हैं जो 2047 तक एक विकसित राष्ट्र बनने के भारत के विज़न के अनुरूप है। इसके अलावा, प्रमुख रॉ मटेरियल और टेक्नोलॉजी से जुड़ी साझेदारियां करने के लिए एफ.टी.ए. का दोहन करना एक मजबूत और आत्मनिर्भर ऊर्जा क्षेत्र सुनिश्चित करने में सहायक होगा।



अभिनेत्री प्रीति जिंटा ने भाजपा को फायदा पहुंचाने के बदले में एक बैंक द्वारा 18 करोड़ रुपये का कर्ज माफ किये जाने की खबरों को घृणित गपशप बताकर खारिज कर दिया। एक्स पर एक पोस्ट में, प्रीति जिंटा ने कहा कि ऋण 10 साल पहले पूरी तरह से चुकाया गया था। उन्होंने फर्जी समाचार फैलाने के लिए केरल कांग्रेस पर हमला किया था।

जबलपुर दिन शुक्रवार 28 फरवरी 2025



# कृति सैनन इस साल नहीं करेंगी शादी, तेरे इश्क में की शूटिंग में हैं व्यस्त

अभिनेत्री कृति सैनन पिछले काफी समय से बिजनेसमैन कबीर बहिया के साथ अपने अफेयर को लेकर चर्चा में हैं। खबर है कि दोनों इस साल शादी करने वाले हैं।

हाल ही में कृति अपने बॉयफ्रेंड कबीर के घरवालों से मिलने दिल्ली पहुंचीं। अब ताजा खबर यह है कि कृति इस साल शादी नहीं करेंगी।

दरअसल, अभिनेत्री इस वक्त अपनी आगामी परियोजनाओं की शूटिंग में व्यस्त हैं, जिसके चलते वह इस साल शादी के बंधन में नहीं बंधेगी। कृति इन वक्त दिल्ली में हैं और अपनी आगामी फिल्म तेरे इश्क में की शूटिंग कर रही हैं। इसके तुरंत बाद कृति अपनी अगली फिल्म की तैयारी शुरू कर देंगी, जो कॉकटेल का सीक्वल हो सकता है। सूत्र ने कहा, इस साल कृति के पास समय ही कहां है? वह अभी दिल्ली में हैं और तेरे इश्क में की शूटिंग में व्यस्त हैं। इसके बाद वह एक सीक्वल की शूटिंग करेंगी ।बीच में कोई ब्रेक नहीं है।

पिछले दिनों कबीर और कृति को बेंगलुरु में एक शादी में साथ देखा गया था, जहां दोनों ने कपड़े भी एक ही रंग के पहने हुए थे और दोनों शादी का जमकर लुत्फ उठा रहे थे। बता दें कि 1999 में लंदन के एक अमीर परिवार में जन्मे 25 साल के कबीर ने 2018 में इंग्लैंड के बोर्डिंग स्कूल मिलफील्ड में अपनी स्कूली शिक्षा पूरी की।

कबीर ब्रिटेन की एक बड़ी ट्रेवल एजेंसी के मालिक कुलजिंदर बहिया के बेटे हैं।



## जूनियर एनटीआर-प्रशांत नील की एनटीआरनील की शूटिंग शुरू, भयानक प्रोटेस्ट सीन की झलक आई सामने

जूनियर एनटीआर और निर्देशक प्रशांत नील की अपकमिंग फिल्म की शूटिंग शुरू हो चुकी है. अभी तक फिल्म का टाइटल अनाउंस नहीं हुआ है इसीलिए इसे दोनों के नामों को जोड़कर एनटीआरनील कहा जा रहा है. 2024 में इसकी अनाउंसमेंट के बाद से ही इस प्रोजेक्ट का बेसब्री से इंतजार किया जा रहा था. आखिरकार हैदराबाद के रामोजी फिल्म सिटी में एक प्रोटेस्ट सीक्वेंस को फिल्माए जाने के साथ इसकी शुरूआत हो गई है. इस फिल्म को पुष्पा 2 के प्रोडक्शन हाउस मैथ्री मूवी मेकर्स के बैनर तले बनाया जा रहा है. इंस्टाग्राम पर फिल्म के मेकर्स ने फिल्म की शूटिंग के पहले दिन की एक तस्वीर शेयर की. सेट से पहला लुक शेयर करते हुए मेकर्स ने लिखा, आखिरकार सॉइल ने भारतीय सिनेमा के इतिहास की किताबों में अपनी छाप छोड़ने के लिए अपने दौर का स्वागत किया.

## नानी के जन्मदिन पर निर्माता देंगे फैंस को तोहफा, हिट: द थर्ड केस का टीजर होगा रिलीज

नैचुरल स्टार नानी की बहुप्रतीक्षित क्राइम और एक्शन थ्रिलर, हिट: द थर्ड केस, प्रशंसकों और फिल्म प्रेमियों के बीच तेजी से लोकप्रिय हो रही है। प्रतिभाशाली डॉ. सैलेश कोलानू द्वारा निर्देशित, यह फिल्म सफल हिट सीरीज की तीसरी किस्त है, जिसने अपनी झलक और पोस्टर के साथ पहले से ही उच्च उम्मीदें स्थापित कर दी हैं। नानी के यूनानिमस प्रोडक्शंस के सहयोग से वॉल पोस्टर सिनेमा के बैनर तले प्रशांति टिपिरनेनी द्वारा निर्मित, फिल्म की शूटिंग तेजी से आगे बढ़ रही है। हिट: द थर्ड केस के निर्माताओं ने घोषणा की है कि फिल्म का शानदार टीज़र 24 फरवरी को नानी के जन्मदिन पर जारी किया जाएगा। टीज़र में फिल्म की मुख्य कहानी और इसके दिलचस्प किरदारों के बारे में मुख्य विवरण सामने आएंगे।

# जंपसूट पहन पूजा हेगड़े ने कैमरे के सामने दिए सिजलिंग पोज, एक्ट्रेस की हॉटनेस देख घायल हुए फैंस



बॉलीवुड एक्ट्रेस पूजा हेगड़े हमेशा अपने लेटेस्ट लुक्स की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट कर फैंस का सारा अटेंशन अपनी ओर खींच लेती हैं। उनका हर एक लुक इंटरनेट पर आते ही तेजी से वायरल होने लगता है। अब हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें फैंस के बीच साझा की हैं। इन तस्वीरों में उनका किलर लुक देखकर फैंस एक बार फिर से बेकाबू हो गए हैं। एक्ट्रेस पूजा हेगड़े अपनी हॉटनेस के चलते लोगों के बीच काफी फेमस हो गई हैं। वो जब भी अपनी फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो फैंस अक्सर उनके लुक्स की तारीफ करते नहीं थकते हैं। अब हाल ही में एक्ट्रेस पूजा हेगड़े ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें फैंस के बीच साझा की हैं। इन तस्वीरों में उनका कातिलाना अवतार देखकर फैंस एक बार फिर से मंत्रमुग्ध हो गए हैं। एक्ट्रेस पूजा हेगड़े की इन फोटोज में आप देख सकते हैं उन्होंने ब्राउन कलर का ऑफ शोल्डर लुक में जंपसूट पहना हुआ है, जिसमें वो एक से बढ़कर एक स्टनिंग अंदाज में पोज देती हुई नजर आ रही हैं। खुले बाल और लाइट मेकअप कर के एक्ट्रेस पूजा हेगड़े ने अपने आउटलुक को कंप्लीट किया है। उनका हर एक इंटरनेट पर तबाही मचा रहा है।

पूजा हेगड़े की इन तस्वीरों को शेयर हुए कुछ ही समय हुआ है और अब तक 5 लाख से भी ज्यादा यूजर्स ने फोटोज पर लाइक्स कर दिया है। वहीं, कुछ यूजर्स ने कॉमेंट्स भी करने शुरू कर दिए हैं। एक्ट्रेस पूजा हेगड़े सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। इंस्टाग्राम पर उनकी फैन फॉलोइंग लिस्ट भी काफी जबरदस्त है। उनका हर एक लुक इंटरनेट पर आते ही तबाही मचाने लगता है।

## कंगना रनौत की फिल्म इमरजेंसी की ओटीटी रिलीज डेट आउट, 17 मार्च को नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी

कंगना रनौत की बायोग्राफिकल फिल्म इमरजेंसी इसी साल 17 जनवरी को गणतंत्र दिवस के मौके पर सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी. फिल्म को दर्शकों और समीक्षकों से मिली-जुली प्रतिक्रियाएं मिली. सिनेमाघरों में ठीक-ठाक परफॉर्म करने के बाद इमरजेंसी ओटीटी पर स्ट्रीम होने के लिए तैयार है. कंगना रनौत ने आज, 21 फरवरी को अपनी नई फिल्म की ओटीटी रिलीज की तारीख का खुलासा किया है. थिएटिकल रिलीज के 1 महीने बाद कंगना रनौत अपनी नई फिल्म इमरजेंसी की ओटीटी रिलीज के लिए कमर कस ली हैं. पंगा एक्ट्रेस ने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम के जरिए इमरजेंसी की ओटीटी रिलीज की डेट और प्लेटफार्म के बारे में जानकारी दी. उन्होंने इंदिरा गांधी की तस्वीरों का एक कोलाज पोस्ट किया है और कैप्शन में लिखा है,

17 मार्च को नेटफ्लिक्स पर. सैकनिल्क के मुताबिक, 17 जनवरी 2025 को बॉक्स ऑफिस पर रिलीज हुई इमरजेंसी ने ओपनिंग डे पर 2.5 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया. पहले सप्ताह में फिल्म ने 14.3 करोड़ रुपये, दूसरे सप्ताह में 3.18 करोड़ रुपये और तीसरे सप्ताह में 81 लाख रुपये कमाए. 24 दिनों के बाद, फिल्म सिनेमाघरों से उतर गई. इन 24 दिनों में फिल्म ने भारत में 18.31 करोड़ रुपये कमाए. वहीं दुनियाभर में इमरजेंसी ने 23.75 करोड़ रुपये बिजनेस किया. इमरजेंसी स्वतंत्रता के बाद के भारतीय इतिहास के एक घटना दौर को दर्शाती है. फिल्म में कंगना रनौत ने पूर्व भारतीय प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की भूमिका निभाई है. कंगना न केवल इमरजेंसी में मुख्य भूमिका निभा रही हैं, बल्कि उन्होंने इसका निर्देशन भी किया है. यह फिल्म 1975 से 1977 तक इंदिरा के लगाए गए 21 महीने के इमरजेंसी को दर्शाती है, जिसे अक्सर स्वतंत्र भारत का सबसे काला अध्याय कहा जाता है. इमरजेंसी में कंगना के अलावा, जयप्रकाश नारायण की भूमिका में अनुपम खेर, अटल बिहारी वाजपेयी की भूमिका में श्रेयस तलपड़े, महिमा चौधरी पुपुल जयकर, मिलिंद सोमन फील्ड मार्शल सैम मानेकशॉ और विशाख नायर संजय गांधी की भूमिका में नजर आए हैं.

# छावा बॉक्स ऑफिस कलेक्शन डे 7: विक्की कौशल की फिल्म ने हफ्तेभर में कर ली बजट से ज्यादा कमाई, अब 300 करोड़ी क्लब पर नजर

विक्की कौशल और रश्मिका मंदाना स्टारर छावा 2025 की सबसे बड़ी बॉलीवुड ओपनर बनने के बाद बॉक्स ऑफिस पर ताबड़तोड़ कमाई कर रही है. लक्ष्मण उटेकर की निर्देशित फिल्म ने पहले ही वीकेंड में 100 करोड़ का आंकड़ा पार करने में सफल रही है. वहीं, 6 दिनों में ही यह 200 करोड़ के क्लब में शामिल हो गई. फिल्म को बॉक्स ऑफिस पर रिलीज हुए एक सप्ताह हो चुका है.

छावा ने पहले वीकेंड में शानदार शुरुआत की और 100 करोड़ का आंकड़ा पार करने में कामयाब रही. शानदार शुरुआत के बाद पहले सोमवार से इसके कलेक्शन में गिरावट दर्ज की गई. ट्रेड एनालिस्ट तरण आदर्श के अनुसार, पहले सोमवार को इसकी कमाई में 50 प्रतिशत से अधिक की गिरावट आई, रविवार को 49.03 करोड़ रुपये 24.10 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया. हालांकि सोमवार की तुलना में 5वें दिन 5 प्रतिशत से ज्यादा की उछाल देखी गई. पहले मंगलवार को विक्की कौशल स्टारर ने 25.75 करोड़ रुपये कमाए. वहीं, छठे दिन छावा को छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती का फायदा मिला. फिल्म के कलेक्शन ग्राफ में लगभग 27 प्रतिशत की उछाल दर्ज की गई. फिल्म ने छठे दिन 32.40 करोड़ रुपये की कमाई की और 200 करोड़ रुपये का आंकड़ा आसानी से पार कर गई. 6 दिनों में छावा ने 203.68 करोड़ रुपये का बिजनेस की.

इसी तरह, पहले गुरुवार को शुरुआती अनुमानों में पता चला है कि फिल्म का कारोबार धीमा है. सैकनिल्क के मुताबिक, 7वें दिन लक्ष्मण उटेकर की पीरियड ड्रामा ने मात्र 22 करोड़ रुपये कमाए. एक सप्ताह के बाद भारत में छावा की कुल कमाई लगभग 225.68 करोड़ रुपये हो गई है. बता दें, लक्ष्मण उटेकर की निर्देशित फिल्म छावा लगभग 130-140 करोड़ रुपये के बजट में बनकर तैयार हुई है.

छावा को दर्शकों से भरपूर प्यार मिल रहा है. स्क्रीनिंग के दौरान लोग भावुक होते हुए और सिनेमाघरों में संभाजी महाराज के लिए जयकार करते हुए देखे गए. 'छावा' के रूप में विक्की के प्रदर्शन के अलावा, कवि राज के रूप में विनीत कुमार सिंह के काम और मुगल सम्राट औरंगजेब के रूप में अक्षय खन्ना के काम को दर्शकों ने खूब सराहा है. विक्की कौशल की अभिनीत इस फिल्म में आशुतोष राणा, रश्मिका मंदाना दिव्या दत्ता और कई अन्य कलाकार प्रमुख भूमिकाओं में हैं. अर्जुन कपूर, भूमि पेडनेकर और रकुल प्रीत सिंह की फिल्म 'मेरे हसबैंड की बीवी' सिनेमाघरों में रिलीज हो गई है. यह देखना दिलचस्प होगा कि इस नई रोमांटिक-कॉमेडी के रिलीज होने के साथ ही

## एक बदनाम आश्रम सीजन 3 पार्ट 2 का ट्रेलर रिलीज, रिलीज तारीख से भी उठा पर्दा

बॉबी देओल की मोस्ट अवेटेड वेब सीरीज आश्रम 3 पार्ट 2 का ट्रेलर रिलीज हो गया है. फुल एंटरटेनमेंट और ड्रामा से भरपूर इस क्राइम-थ्रिलर सीरीज को देखने के लिए दर्शक लंबे समय से इंतजार कर रहे हैं. इस बीच मेकर्स ने आश्रम 3 पार्ट 2 का ट्रेलर रिलीज करते हुए सीरीज की रिलीज डेट से भी पर्दा उठा दिया है. आश्रम 3 पार्ट 2 इसी महीने आपकी स्क्रीन्स पर दस्तक देने जा रही है. बॉबी देओल स्टारर ये वेब सीरीज 27 फरवरी को रिलीज होगी. आश्रम 3 पार्ट 2 को आप अमेजन एमएक्स प्लेयर पर एंजॉय कर सकते हैं. ओटीटी प्लेटफॉर्म ने सीरीज का ट्रेलर शेयर करते हुए लिखा है- जपनाम! आपके सब्र का लड्डू ला रहा हूं, 27 फरवरी को. एक बदनाम आश्रम सीजन 3 पार्ट 2, एमएक्स प्लेयर पर 27 फरवरी को रिलीज होगा. बॉबी के अलावा इस सीरीज में में चंदन रॉय सान्याल, अदिति पोहनकर, तुषार पांडे, ईशा गुप्ता, दर्शन कुमार, त्रिधा चौधरी और अनुप्रिया गोयनका जैसे कलाकार भी नजर आएंगे।

# क्या च्यूइंग गम चबाने से घट सकता है आपका वजन? जानिए यह कैसे होता है मददगार

बचपन में जब हम च्यूइंग गम खाने की जिद किया करते थे, तब मम्मी पापा यह कहकर मना कर दिया करते थे कि यह गले में चिपक जाता है।

इसी कारण ज्यादातर लोगों ने इसका सेवन बंद कर दिया था। हालांकि, इन दिनों च्यूइंग गम चर्चा का विषय बना हुआ है, क्योंकि लोग इसके फायदों को पहचानने लगे हैं। दरअसल, कहा जा रहा है कि च्यूइंग गम चबाने से वजन घटाने में मदद मिल सकती है। आइए जानते हैं कैसे।

भूख को कम करता है

च्युइंग गम के मुख्य लाभों में से एक यह है कि इसके जरिए भूख को कम किया जा सकता है। जब आप च्युइंग गम चबाते हैं तो आपके दिमाग को लगता है कि आप कुछ खा रहे हैं।

इस अनुभूति के जरिए भूख की भावना को नियंत्रित करने में मदद मिलती है।

जो लोग खान-पान के बाद या पहले च्युइंग गम चबाते हैं, उन्हें बार-बार भोजन करने की जरूरत महसूस नहीं होती, जिससे वजन कम करने में सहायता मिलती है।

जंक फूड की लालसा को नियंत्रित करता है मीठे और जंक फूड आदि की लालसा होना आम बात है, लेकिन यह वजन घटाने के प्रयासों के बीच बाधा बन सकती है। इसे रोकने के लिए आप च्युइंग गम चबा सकते हैं। अध्ययन के अनुसार, भोजन से पहले और बाद में च्युइंग गम चबाने से अस्वास्थ्यकर स्नैक्स खाने की लालसा कम हो जाती है।



वसा, चीनी, तेल-मसालों और अतिरिक्त कैलोरी से लैस भोजन के बजाय इसे चबाना बेहतर हो सकता है।

दैनिक कैलोरी सेवन को घटाता है

च्युइंग गम खाने से वजन कम करने में इसीलिए भी मदद मिलती है, क्योंकि यह दैनिक कैलोरी की मात्रा को भी कम करता है।

अगर आपको हल्की भूख महसूस हो तो स्नैक्स आदि की जगह पर च्युइंग गम चबाएं। इससे आपकी दैनिक कैलोरी की संख्या में इजाफा भी नहीं होगा और आपकी तृप्ति की भावना भी बढ़ जाएगी।

इससे सीधे तौर पर तो वजन नहीं घटेगा, लेकिन यह थोड़ी कैलोरी जलाने में मदद करेगा। क्या च्यूइंग गम चबाने से आपका चेहरा पतला हो सकता है?

काफी लोग मानते हैं की रोजाना च्यूइंग गम चबाने से चेहरे को पतला किया जा सकता है। हालांकि, यह असल में सच नहीं होता है।

च्युइंग गम चबाने के लिए लगातार मुंह चलाना पड़ता है, इसलिए यह चेहरे और जबड़े की मांसपेशियों को सक्रिय कर सकता है। इससे मुख्य रूप से मांसपेशियों की एक्सरसाइज होती है, जिससे उस विशिष्ट अंग की मांसपेशियां टोन होती हैं। हालांकि, इससे चेहरे की चर्बी को कम नहीं किया जा सकता है।जान लीजिए च्युइंग गम खाने के दुष्प्रभाव

कभी-कभी च्यूइंग गम चबाना ठीक है, लेकिन इसे रोजाना की डाइट का हिस्सा नहीं बनाना चाहिए। इसमें किसी प्रकार का पोषण नहीं होता ओर यह शक्कर से भरपूर होता है।

रोजाना च्यूइंग गम चबाने से दांत सड़ सकते हैं और उनका इनेमल खराब हो सकता है।

# शादी-पार्टी के लिए स्किन टोन के हिसाब से ऐसे करें परफेक्ट लिपस्टिक शेड का चुनाव



शादी का सीजन चल रहा है. वहीं क्रिसमस और न्यू ईयर भी आने वाला है. ऐसे में जगह-जगह पार्टी होस्ट की जाएंगी. अक्सर किसी भी शादी-पार्टी में जाने के लिए जब भी लड़कियां तैयार होती हैं तो उनके मन में एक सवाल जरूर होता है कि वो कैसी लिपस्टिक लगाएं. लिपस्टिक किसी के लुक को निखारने का काम करती है. लिपस्टिक के बिना मेकअप अधूरा रहता है. महिलाएं हमेशा अपने लिपस्टिक के शेड का चुनाव बड़े ही सोच-समझ कर करती है. विंटर सीजन में अगर आप ब्यूटीफुल लुक चाहती हैं तो आप अपनी स्किन टोन के हिसाब से लिपस्टिक के शेड का चुनाव करें. आइए जानते हैं परफेक्ट लिपस्टिक शेड का चुनाव करने के लिए कुछ हैक्स.

डार्क स्किन टोन

जिन महिलाओं की स्किन डार्क टोन है उन्हें डार्क वाइन, कॉपर ब्राउन, पर्पल कलर के शेड्स वाली लिपस्टिक चुननी चाहिए. इस तरह की लिपस्टिक में आपका लुक बेहद ही बोल्ड और रिच नजर आएगा.

डस्की स्किन टोन

जिन महिलाओं की स्किन डस्की है उन्हें रिच और ब्राइट कलर्स लिपस्टिक का चुनाव करना चाहिए. इसी के साथ इस टोन की महिलाएं मैरून, डीप प्लम, चॉकलेट ब्राउन शेड्स का भी चुनाव कर सकती हैं. इस तरह की लिपस्टिक डार्क कलर के आउटफिट के साथ परफेक्ट रहेगी.

मीडियम स्किन टोन

अगर आपकी स्किन टन मीडियम है तो आप मोव, वॉर्म ब्राउन या पिंच कलर की लिपस्टिक का चुनाव कर सकती हैं. इस तरह के लिपस्टिक का शेड न्यू लुक पाने के लिए बेस्ट है और इसे अप्लाई करने के बाद आप लुक बेहद ही खूबसूरत नजर आएगा. वहीं इस तरह की लिपस्टिक आप लाइट कलर के आउटफिट के साथ मैच करके अप्लाई कर सकती हैं.

फेयर स्किन टोन

जिन महिलाओं का स्किन फेयर है उन्हें लाइट और पेस्टल टोन शेड्स वाली लिपस्टिक चुननी चाहिए. इस तरह की लिपस्टिक ब्यूटीफुल लुक पाने के लिए बेट्स हो सकती हैं. फेयर स्किन टोन वाली महिलाएं पिंक न्यूड कोरल, लाइट पिंक, क्लासिक रेड कलर की लिपस्टिक का चुनाव कर सकती हैं और इस तरह की लिपस्टिक आप अपने आउटफिट के हिसाब से मैच करके अप्लाई कर सकती हैं. वहीं ग्लैमरस लुक के लिए आप वाइन कलर की लिपस्टिक अप्लाई कर सकती हैं.

# शब्द सामर्थ्य -335

( भागवत साहू )

**बाएं से दाएं :**

1. पानी, नीर, अंबु 2. आना-जाना, आवागमन 5. बहुत, बढ़िया 6. दूर रहने वाला (घटना) जो वर्तमान में न घट सके 8. अबोध, नासमझ, अनाड़ी 10. सब्जी, शाक 11. निशान, उद्देश्य, अनुमान योग्य वस्तु 12. नाखून 13. द्रव पदार्थ 15. सूनसान, जनविहीन स्थान 16. चटकीला, चमकीला, चटपटा, गौरेया 18. भगवान, खुदा 19. इन दिनों, वर्तमान दिनों में 20. अग्नि, पावक 21. अन्नकण, अनाज का टुकड़ा 22. टालमटोल, बहाने बाजी 24. भैया की पत्नी 25. पांच से छोटी एक विषम संस्था 26. हत्या, कत्ल.

**ऊपर से नीचे**

1. दुनिया, संसार, ठोस रूप में परिवर्तित करना 2. चमक, पानी 3. बाजीगर, जादू का खेल दिखाने वाला 4. एक पंजाबी प्रेमगीत, रांझा की प्रेमिका 5. मार-काट, खून-कत्ल 7. भूमि, जमीन, भू-भाग 9. बहुत बड़ा दानी, 10. संगीत के सुरों की संख्या 14. लचीला, लोचयुक्त 17. खिसकना, अपने स्थान से हटना, विचलित होना 19. प्रवेश करना, पधारना, आना 20. धूप-दीप से पूजा 22. इसी समय 23. गुस्सा, कहर.

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | ■ | 2 | | 3 | 4 | ■ | ■ |
| | ■ | 5 | | ■ | 6 | | 7 | ■ |
| 8 | 9 | | ■ | 10 | | ■ | 11 | |
| ■ | 12 | | ■ | 13 | | 14 | ■ | ■ |
| ■ | 15 | | | ■ | ■ | 16 | 17 | |
| ■ | 18 | | ■ | 19 | | | | ■ |
| ■ | ■ | ■ | 20 | | ■ | 21 | | ■ |
| ■ | 22 | | | | | | ■ | 23 |
| 24 | | ■ | 25 | | ■ | ■ | 26 | |

## शब्द सामर्थ्य क्रमांक 334 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| स्वा | द | ■ | सा | म | ना | ■ | कै | दी |
| व | ■ | ख | ल | ना | य | क | ■ | वा |
| लं | प | ट | ■ | ना | क | क | ट | ना |
| बी | ■ | प | ■ | ■ | ■ | ड़ी | ■ | प |
| ■ | अ | ट | प | टा | ■ | ■ | शा | न |
| स | ह | ■ | यो | ■ | ■ | र | ति | ■ |
| ह | म | ■ | द | र | ब | द | र | ■ |
| म | क | र | ■ | सी | ल | ■ | ■ | ■ |
| त | ■ | क्षा | ■ | द | वा | खा | ना | ■ |




जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। थाना गोरखपुर में आदित्य पांडे उम्र 16 वर्ष निवासी रामपुर छापर कुशवाहा मोहल्ला ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह दुर्गा नगर में मोमोज खा रहा था तभी एक व्यक्ति सुमीत नाम का मोमोज की दुकान के पास आया और उससे कहा कि मेरे पिता जी को तुने क्यों मारा अब शराब पीने के लिये 500 रूपये दो, उसने रूपये देने से मना किया तो उसके साथ गाली गलौज करने लगा, उसने गालियां देने से मना किया तो सुमित के तीन साथी हर्षित बेन, अंकुश प्रजापति तथा लक्की प्रजापति आ गये उन सभी लोगों ने मिलकर उसके साथ हाथ मुक्कों से मारपीट कर गाल,

# दसवीं के हिंदी विषय के पेपर मे 921 बच्चें रहे अनुपस्थित, कोई भी नक़ल प्रकरण नहीं बना

## आज 28 फरवरी को रहेगा बारहवी का अंग्रेजी विषय का 100 परीक्षा केंद्रों पर दूसरा पेपर

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। जबलपुर जिला मे माशिमं के द्वारा आयोजित कक्षा दसवीं की बोर्ड परीक्षा की शुरुआत हिंदी विषय के पेपर के साथ हुई।जिला शिक्षा अधिकारी श्री घनश्याम सोनी ने बताया कि जिले के सभी परीक्षा केन्द्रो मे शांतिपूर्वक परीक्षा आयोजित हुई, जिले मे कही भी कोई नक़ल प्रकरण नहीं बना हैं। हिंदी प्रश्नपत्र मे शहर के 701 परीक्षार्थी एवं ग्रामीण क्षेत्र के 220 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। इस प्रकार शहर एवं ग्रामीण को मिलाकर कुल 921 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। सभी परीक्षा केन्द्रो मे कलेक्टर प्रतिनिधि की उपस्थिति मे ऑनलाइन ड्डश्चश्च के माध्यम सें निगरानी रखते हुए पेपर हुआ। पुलिस थाने एवं परीक्षा केंद्रों मे कलेक्टर प्रतिनिधि एवं केन्द्राध्यक्ष के आपसी समन्वय से सभी कार्य आसानी से शांतिपूर्वक सम्पादित किए गए।

परीक्षा के दौरान माशिमं म प्र भोपाल के उपाध्यक्ष श्री श्रीनिवास राव जी के द्वारा शहरी क्षेत्रो के परीक्षा केंद्र करोंदीग्राम, सीएम राइज मेडिकल एवं शास कन्या रानी दुर्गावती शाला गंगा नगर गढ़ा का निरीक्षण किया गया, इन केंद्रों मे स्वाध्यायायी परीक्षार्थियों का परीक्षा केंद्र बनाया गया है। सभी केंद्रों पर परीक्षा शांतिपूर्वक ढंग से चलती हुई पायी गयी। किसी भी केंद्र पर नक़ल प्रकरण नहीं बना,निरीक्षण के समय जिला शिक्षा अधिकारी श्री घनश्याम सोनी भी साथ मे थे।

जिला शिक्षा अधिकारी श्री घनश्याम सोनी के नेतृत्व मे गठित दल के द्वारा शास मॉडल स्कूल, शा एमएलबी कन्या शाला, सेंट नार्बेट, सेंट थामस स्कूल का निरिक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सभी जगह व्यबस्थित परीक्षा संचालित पायी गयी। कोई नक़ल प्रकरण नहीं पाया गया।

कलेक्टर महोदय द्वारा गठित उड़न दस्ता दल मे एसडीएम अधारताल के दल के द्वारा एम एलबी विद्यालय, महाराष्ट्र हायर सेकण्डरी विद्यालय एवं शा कमला नेहरू विद्यालय का निरीक्षण किया गया। एसडीएम रांझी के दल के द्वारा ए पी एन विद्यालय सदर, कन्या सदर, एवं सेंट थामस द्वारा जवाहर नगर का निरीक्षण किया गया.। एसडीएम जबलपुर के दल द्वारा शा स्कूल मोहास का निरीक्षण किया गया। एसडीएम गोरखपुर के दल के द्वारा सीएम राइज विद्यालय मेडिकल तथा अंधमूक बधिर विद्यालय का निरीक्षण किया गया।एसडीएम कुण्डम के द्वारा शा विद्यालय मोहनी एवं शा विद्यालय हरदुली कला का निरीक्षण किया गया। एसडीएम पाटन श्री मानवेन्द्र सिंह के द्वारा सीएम राइज विद्यालय पाटन, ओंकार नामदेव विद्यालय पाटन एवं शा उमावि नुनसर का निरीक्षण किया गया। जिला शिक्षा अधिकारी जबलपुर के निर्देश पर विकासखंड स्तर पर सभी सहायक संचालक शिक्षा क्ख्वह्र के द्वारा भी सभी ब्लॉक मे सघनता से परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया गया। सभी निरीक्षण के दौरान किसी भी केंद्र मे कोई भी अनियमितता नहीं पायी गयी एवं कोई भी नक़ल प्रकरण नहीं बना।

निगमायुक्त प्रीति यादव के निर्देशानुसार बकायादारों के विरूद्ध कुर्की की कार्रवाई लगातार जारी

# आज दो संभागों के 13 बड़े बकायादारों की हुई सम्पत्ति कुर्की



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव के निर्देशानुसार राजस्व वसूली अभियान के तहत् कार्रवाई में लगातार तेजी आ रही है। इसी क्रम में आज संभाग क्रमांक 6 के अंतर्गत गोविंद वल्लभ पंत, राजीव गाँधी एवं डॉ. राजेन्द्र प्रसाद वार्ड में 9 एवं संभाग क्रमांक 11 के अंतर्गत रानी अवंती बाई वार्ड में 4 बड़े करदाताओं के विरूद्ध कुर्की की कार्रवाई की जारक करदाताओं को बकाया करों की राशि जमा करने नोटिस जारी एवं चस्पा किये गए हैं। निर्धारित समय पर करों की राशि जमा नहीं करने वाले करदाताओं के विरूद्ध आगे अब बड़ी कार्रवाई की जायेगी। संभागों की कार्रवाई में अपर आयुक्त आर.पी. मिश्रा, व्ही.एन. बाजपेयी, प्रशांत गांटिया, श्रीमती अंजू सिंह, मनोज श्रीवास्तव ने स्वास्थ्य, जल एवं राजस्व अमले के साथ करदाताओं के यहाँ जाकर करदाताओं से सम्पर्क किया और बकाया करों की राशि जमा कराई। अपर आयुक्त श्रीमती अंजू सिंह ने बताया कि संभाग क्रमांक 6 के अंतर्गत के अन्तर्गत पं. गोविन्द वल्लभ पंत वार्ड में कर वसूली के दौरान बड़ी कार्यवाही की गई करते हुए भवन स्वामी राजाराम पुरूषोत्तम, रंगलाल, बल्लभदास बकाया राशि 3 लाख 29 हजार 2 सौ 62, मदन लाल/बद्री प्रसाद अग्रहरि बकाया राशि 4 लाख 69 हजार 2 सौ 61, घनश्याम तिवारी बकाया राशि 2 लाख 37 हजार 9 सौ 14, चंदा बाई/राजबहादुर पहारिया बकाया राशि 3 लाख 69 हजार 9 सौ 16, राजीव गांधी वार्ड अंतर्गत स्नेहित पटैल बकाया राशि 71 हजार 4 सौ 14, चन्द्रवली राय बकाया राशि 58 हजार 8 सौ 07, मनीष श्रीवास्तव बकाया राशि 60 हजार 7 सौ 21 एवं डॉ. राजेन्द्र प्रसाद वार्ड अंतर्गत शुभ्रा मिश्रा बकाया राशि 1 लाख 68 हजार 6 सौ 82 एवं संभाग क्रमांक 11 के अंतर्गत रानी अवंती बाई वार्ड में मोहित बिल्डर बकाया राशि 2 लाख 62 हजार 8 सौ 17, सरदार सुखवीर सिंह त्रिलोचन सिंह बकाया राशि 1 लाख 62 हजार 13, राकेश कुमार सुनील कुमार अजय कुमार बकाया राशि 2 लाख 56 हजार 5 सौ 51 एवं श्रीमती नंदा मलिक अजय मलिक बकाया राशि 57 हजार 6 सौ 27 होने पर भवन पर कुर्की के पोस्टर चस्पा किये गये साथ ही अन्य बकायादरों से सम्पर्क किया गया। बकाया राशि जमा न होने की स्थिति में उक्त संपत्ति की कुर्की करने की कार्यवाही की जावेगी। उन्होंने बताया कि निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव के निर्देशानुसार अब कुर्की की कार्रवाई लगातार जारी रहेगी। निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव ने सभी बकायादारों से अपील की है कि समस्त बकाया करों की राशि निगम में जमा कर निगम प्रशासन की अप्रिय कार्यवाही से बचें और लगने वाले अधिभार से भी बचें। कार्रवाई के दौरान संभागीय अधिकारी, राजस्व निरीक्षक, सहायक राजस्व निरीक्षक, राजस्व लिपिक एवं नोटिस सर्वर आदि उपस्थिति रहे।

# 46 वीं अखिल भारतीय विद्युत क्रीड़ा नियंत्रण मण्डल पावर लिफ्टिग एवं शरीर सौष्ठव प्रतियोगिता के लिए एमपी पावर की 12 सदस्यीय टीम घोषित



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। 46 वीं अखिल भारतीय विद्युत क्रीड़ा नियंत्रण मण्डल पावर लिफ्टिंग व शरीर सौष्ठव प्रतियोगिता के लिए एमपी पावर की 12 सदस्यीय टीम घोषित कर दी गई। यह प्रतियोगिता 28 फरवरी से 2 मार्च तक कोटा में आयोजित होगी।

एमपी पावर लिफ्टिग टीम में इंदौर के पृथ्वीराज चौधरी, अतुल समाधिया, विशाल वर्मा, सतपुड़ा ताप विद्युत गृह सारनी के योगेश साहू, श्री सिंगाजी ताप विद्युत गृह खंडवा के अफजल खान, संजय गांधी ताप विद्युत गृह बिरसिंगपुर के जेपी गोस्वामी, उज्जैन के नीरज चौहान व भोपाल के शैलेन्द्र श्रीवास को शामिल किया गया है। शरीर सौष्ठव टीम में जबलपुर के अशोक चौहान, देवास के जितेन्द्र सिंह नागदिया, अमरकंटक ताप विद्युत गृह चचाई के इन्द्र कुमार चौधरी व श्री सिंगाजी ताप विद्युत गृह खंडवा के एनके पांचाल को शामिल किया गया है। टीम के मैनेजर प्रवीन कपूर व कोच राकेश स्वामी होंगे। प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए एमपी पावर की टीम गुरूवार को कोटा रवाना हो गई। केन्द्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद के महासचिव राजीव गुप्ता ने एमपी पावर टीम को प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए अपनी शुभकामना दी।

## एम.पी. ट्रांसको के मुख्य अभियंता मनीष जैन आज होगें सेवानिवृत्त



जबलपुर। मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी (एम.पी. ट्रांसको) के मुख्य अभियंता के पद पर कार्यरत श्री मनीष जैन 39 वर्षों की सेवा के उपरांत आज सेवानिवृत्त हो रहे हैं। सिविल इंजीनियरिंग के विषेषज्ञ श्री जैन ने मध्य प्रदेश विद्युत मंडल, मध्य प्रदेश राज्य विद्युत मंडल एवं मध्य प्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी में विभिन्न पदों पर कार्य किया।

# स्मार्ट मीटर योजना इंदौर की सफलताएं जबलपुर और भोपाल कंपनी को बताई जाएंगी- विद्युत वितरण कंपनी के चेयरमैन अविनाश लवानिया



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। स्मार्ट मीटर योजना शासन की महत्वाकांक्षी योजना है, पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी इंदौर ने इस क्षेत्र में काफी अच्छा कार्य किया है। पश्चिम क्षेत्र की स्मार्ट मीटर सफलता की जानकारी मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी जबलपुर व मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी भोपाल को बताई जाएगी। जल्दी ही शासकीय कार्यालयों, परिसरों में प्राथमिकता से स्मार्ट मीटर लगाए जाएंगे, ताकि शासकीय कार्यालयों की बिजली वितरण व्यवस्था प्रीपेड की जा सके। मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के पदेन चेयरमैन एवं पावर मैंनेजमेंट कंपनी के प्रबंध संचालक अविनाश लवानिया ने यह बात कही। पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी इंदौर के पोलोग्राउंड स्थित सभागार में गुरुवार को आयोजित बैठक में अविनाश लवानिया ने कहा कि इंदौर क्षेत्र हर कार्य में आगे रहता है और हर बार सफलता प्राप्त करता है। इंदौर के अच्छे कार्यों को आगे बढ़ाया जाएगा। उन्होंने उपभोक्ता सेवाओं, मीटरीकरण, बिजली आपूर्ति, राजस्व संग्रहण, मानव संसाधन, आरडीएसएस समेत अन्य कार्यों, सेवाओं की जानकारी ली। श्री लवानिया ने कहा कि स्मार्ट मीटर के एबरेशन की वरिष्ठ अधिकारियों से की जाने वाली प्रति परीक्षण की सूची मुख्यालय से रेंडम आधार पर दी जाए। स्मार्ट मीटर की खासियतें उपभोक्ताओं को विभिन्न प्रचार माध्यमों से बताए जाने एवं स्मार्ट मीटर की टीम द्वारा चोरी, अनियमितताएं पकड़ने की त्वरित कार्रवाई की उन्होंने प्रशंसा की। अविनाश लवानिया ने पोलोग्राउंड स्थित स्मार्ट मीटर के मास्टर कंट्रोल सेंटर का अवलोकन किया और स्मार्ट मीटर टीम द्वारा उपभोक्ता सेवाओं के संचालन, चोरी-अनियमितता रोकने के लिए किए जा रहे उच्च तकनीकी स्तर से प्रयासों की प्रशंसा की।

महाकुंभ की ओर जा रहे श्रद्धालुओं की बायपास पर टेंट लगाकर की सेवा प्रतिदिन उपलब्ध कराई आवश्यक बस्तुएं, रुकने हेतु की समुचित व्यवस्था

# महाकुंभ में जा रहे श्रद्धालुओं की सेवा का संकल्प पूर्ण- रत्नेश सोनकर



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ में सम्मिलित होने देश भर से नागरिक जा रहे हैं धार्मिक महास्नान में सम्मिलित हो रहे व्यक्ति को आवागमन की किसी भी प्रकार की असुविधा से बचाने हेतु भारतीय जनता पार्टी जबलपुर महानगर ने नगर अध्यक्ष श्री रत्नेश सोनकर के नेतृत्व में सगड़ा बायपास के पास टेंट लगाकर महाकुंभ स्नानार्थियों के लिए भोजन, पानी एवं दवाएं एवं उनके रुकने हेतु समुचित व्यवस्था कर अत्यंत महत्वपूर्ण सेवा कार्य किया एवं लगातार प्रयागराज जा रहे लोगों की मदद कर उनकी प्रत्येक असुविधा को दूर करने का प्रयास किया।

महाकुंभ की ओर जा रहे श्रद्धालुओं की मदद हेतु बने अस्थाई व्यवस्था के टेंट का समापन भाजपा नगर अध्यक्ष रत्नेश सोनकर ने मां गंगा एवं कन्या पूजन कर उन्हें प्रसाद ग्रहण कराने के पश्चात किया।

भाजपा नगर अध्यक्ष श्री रत्नेश सोनकर ने इस अवसर पर कहा कि सनातन धर्म की आस्था के सर्वोत्तम समागम प्रयागराज स्थित महाकुंभ में जा रहे लोगों की मदद करते हुए महापुण्य प्राप्त करने की अनुभूति हो रही है क्योंकि इस महाकुंभ में देश के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के निर्देशन में उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री ने योगी आदित्यनाथ पर्याप्त व्यवस्था की है उसके साथ ही देश के कौने कौने से श्रद्धालुओं ने प्रयागराज महाकुंभ में स्नान किया लगभग 65 करोड़ नागरिकों में डुबकी लगाकर सनातन की पताका मजबूत की है । मां गंगा, यमुना, सरस्वती के त्रिवेणी संगम में

रत्नेश सोनकर ने बताया कि भाजपा द्वारा आयोजित इस टेंट शिविर में 20 दिनों में महाकुंभ की ओर जाने आने वाले 2 लाख से यादा लोगों ने भोजन ग्रहण किया भाजपा द्वारा 3 अलग अलग जगह पर रात रुकने और पंडाल में सोने की व्यवस्था में 15500 से यादा श्रद्धालुओं ने रुककर विश्राम किया एवं लगभग 7200 लोगों को प्राथमिक दवाएं उपलब्ध कराई गई। इस अवसर पर विधायक अभिलाष पांडे, राममूर्ति मिश्रा, रजनीश यादव, कमलेश अग्रवाल, राघवेंद्र लालू यादव, कैलाश साहू, रंजीत पटेल, प्रणीत वर्मा, रविन्द्र पचौरी, सोनू बचवानी, मनीष जैन कल्लू, युवराज यादव, आदि उपस्थित थे।

भोले की भक्ति में डूबे भक्त-भोलेनाथ को दूल्हा बनाया, जल दूध से किया अभिषेक हरियाली खिचड़ी एवं केसरिया दूध का बांटा महाप्रसाद

# पालकी में सवार होकर बाबा भोलेनाथ की नगर में निकली भव्य बारात सैकड़ो नगर वासी बारात में हुए शामिल





जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। महिदपुर रोड महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर बुधवार को महाकाल मित्र मंडल द्वारा श्री त्रिभुवन नाथ महादेव मंदिर से भगवान भोलेनाथ की भव्य पालकी एवं बारात निकल गई जिसमें बैंड बाजे ढोल नगाड़े डीजे पर भोलेनाथ के सुमधुर भजनों पर सैकड़ो नगर वासियों ने भगवान का बाराती बनकर नाचते झूमते गाते हुए भगवान भोले की भक्ति में भाव विभोर होकर महिलाएं पुरुष नृत्य करते हुए चल रहे थे भगवान भोलेनाथ को पालकी में विराजमान किया गया भक्तगण पालकी को कंधे पर धारण किए हुए चल रहे थे रथ पर शिव पार्वती का रूप का रूप धारण किए बच्चे विराजमान थे जगह-जगह पर भक्तों द्वारा भोलेनाथ की पूजा अर्चना की गई नगर वासियों द्वारा जगह-जगह भगवान भोलेनाथ की बारात का स्वागत-सत्कार करआतिशबाजी कि गयी बारात नगर के मुख्य मार्गों का परिभ्रमण करने के 3 घंटे पश्चात नवदुर्गा माताजी मंदिर पहुंची मंदिर परिसर को विद्युत् सज्जा एवं आकर्षक फूलों से सजाया गया था वहां पर भगवान भोलेनाथ एवं माता गौरी का विवाह विधि विधान के साथ सैकड़ो भक्तों व नगर वासियों की उपस्थिति में संपन्न हुआ इस अनमोल पल को सभी नगरवासी अपने नेत्रों से निहारत हुए सौभाग्यशाली बनकर धर्म लाभ प्राप्त कर रहे थे सर्वप्रथम त्रिभुवन नाथ मंदिर में अनिल विश्वकर्मा ने सपत्नीक अभिषेक किया सैकड़ो भक्तों को महाकाल मित्र मंडलके द्वारा चंदन का तिलक लगाया गया भगवान की बारात का नागदा चौराहे पर महाकाल मित्र मंडल द्वारा साबूदाने की खीर, माताजी मंदिर पर केसरके दूध से बारात का स्वागत किया गया इस मंगलकारी अवसर पर क्षत्रिय विधायक दिनेश जैन बौस जनप्रतिनिधि समस्त नगर वासीयों, माता बहनों में उपस्थित होकर धर्म लाभ प्राप्त किया उक्त जानकारी नगर के सामाजिक कार्यकर्ता सचिन भंडारी ने दी

# महाशिवरात्रि में भण्डारे एवं भव्य शोभा यात्रा उपरांत चकाचक हुई सफाई - निगमायुक्त प्रीति यादव



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। महाशिवरात्रि के दौरान नगर निगम के स्वच्छता के सिपाहियों ने सफाई के क्षेत्र में भण्डारे एवं शोभा यात्रा के मार्ग पर उत्कृष्ट कार्य किया गया। निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव के निर्देशानुसार नगर निगम की पूरी स्वच्छता टीम ने महाशिवरात्रि पर्व पर भण्डारे एवं भव्य शोभा यात्रा के उपरांत रातों रात मार्ग चकाचक कर दिया। इसके लिए उनके द्वारा पूरे शहर में स्वच्छता के सिपाहियों की टीम तैनात की गई थी।

जिसके परिणाम स्वरूप आज संस्कारधानी की सड़कें चमचमाती नजर आई। उपायुक्त संभव अयाची एवं स्वास्थ्य अधिकारी संदीप जायसवाल ने बताया कि महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर शहरभर में जगह-जगह भण्डारे एवं शोभा यात्राएँ निकाली गई। उन्होंने बताया कि भण्डारे एवं शोभा यात्रा निकले के उपरांत स्वच्छता टीम के सदस्यों द्वारा रातों रात सफाई का कार्य कर मार्ग को चकाचक कर दिया। उन्होंने बताया कि मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक, स्वास्थ्य निरीक्षक एवं कर्मचारियों के द्वारा अपने-अपने संभाग में भँडारे एवं शोभा यात्रा के उपरांत त्वरित गति से पुनः सफाई आरंभ की गई जिसमें रोड स्विपिंग मशीन एवं श्रमिकों को लगाकर तत्काल सफाई कराई गई एवं कचरा, पॉलिथीन, पाउच, केले के छिलके, प्रसाद की सामग्री एवं अन्य कचरा को तत्काल उठाकर रोड को पुनः लोगों के आवागमन के लिए सुचारू पूर्वक स्वच्छ कर पूरे जबलपुर शहर के स्वच्छ भारत मिशन के सपने को साकार किया। सफाई कार्य दौरान सहायक स्वास्थ्य अधिकारी अर्जुन यादव, पोला राव, धर्मेंद्र राज आदि उपस्थित रहे।

गायत्री परिवार का विराट पुस्तक मेला सिखा रहा जीवन जीने की कला

# संस्कारों के बीज हर जगह रोपित करने का हो रहा कार्य




जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। शहीद स्मारक गोलबाजार में चल रहे विराट पुस्तक मेला के तीसरे दिन बड़ी संख्या में छात्र.छात्राओं की भागीदारी रही। जिसमें 100 से अधिक अनुश्री होम्योपैथिक कॉलेज के विद्यार्थियों एवं उनके प्राध्यापकों ने पुस्तक मेले का अवलोकन किया और बताया कि इस तरह के आयोजन समाज में हर जगह होते रहना चाहिए, जिससे कि संस्कारों का बीज हर जगह रोपित हो सके और लोग अपनी व्यक्तित्व परिष्कार करने के साथ-साथ, जीवन जीने की कला और अध्यात्म के वैज्ञानिक पक्ष को भी समझ कर आगे बढ़ सकें, पंडित श्रीराम शर्मा द्वारा लिखित किताबों में मनुष्य शरीर की रचना और उसके सुक्ष्म तंत्र के बारे में बहुत ही विस्तार से बताया गया है, हम सब भी यहां आकर बहुत ही अभिभूत हैं।

# रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय में भ्रष्टाचार और लापरवाही के खिलाफ एनएसयूआई का अनोखा प्रदर्शन, रिक्सा मे बिठा ,कुलपति का मुखौटा लगाकर कराया प्रशासनिक भवन का भ्रमण



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। आज भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन (ह्रस्ढ्ढ) जबलपुर के जिला अध्यक्ष सचिन रजक एवं राहुल यादव के नेतृत्व में छात्रों ने जमकर नारे बाजी करते हुए विश्वविद्यालय मे प्रदर्शन किया ,

कुलपति प्रो. राजेश कुमार वर्मा का मुखौटा पहनाकर उन्हें रिक्शा में घुमाया, ताकि उन्हें एहसास हो कि जब छात्र संसाधनों के बिना भटक रहे हैं, तब उन्हें 25 लाख से अधिक की गाड़ी में घूमने का कोई हक नहीं! जब विश्वविद्यालय ज्ञान और चरित्र निर्माण का केंद्र होना चाहिए, तब रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय में प्रशासन छात्रों के भविष्य की नींव को खोखला करने में जुटा है! छात्रों से लाखों की फीस वसूलने वाला यह विश्वविद्यालय, आज उनकी सबसे बुनियादी सुविधाएँ भी देने में असफल है। जब छात्रों के लिए लैब नहीं, रिसर्च संसाधन नहीं, पीएचडी प्रवेश प्रक्रिया नहीं, डिजिटल शिक्षा के साधन नहीं - तो फिर लाखों की तनख्वाह लेने वाले कुलपति और अन्य अधिकारी आखिर क्या कर रहे हैं? शासन के नियमों के अनुसार, कुलपति को अधिकतम 10 लाख रुपये तक का वाहन उपयोग करने की अनुमति है, लेकिन वे 25 लाख से अधिक की इनोवा क्रिस्टा में सफर कर रहे हैं। ज्ञात हो कि मध्यप्रदेश शासन वित्त विभाग के पत्र क्रमांक एफ/11 16/2012/नियम/चार दिनांक 28/12/2017 में उल्लेखित है कि 8900 से अधिक ग्रेड पे में आने वाले समस्त अधिकारियों के लिए वाहन पात्रता के रूप में वे वाहन शामिल होंगे जिनकी अधिकतम कीमत रुपए दस लाख तक हो।




जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )। थाना अधारताल में हर्ष विश्वकर्मा उम्र 22 वर्ष निवासी हाउसिंग बोर्ड महाराजपुर ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि डीजे का काम करता है घर से डीजे के काम से इमलिया पिपरिया जा रहा था जैसे ही विंग्स कान्वेंट स्कूल के सामने मेन रोड़ पर पहुँचा वहां पर रोड़ किनारे ट्रक क्रमांक एमएच 28 बीए 7313 चालू हालत में खड़ा था तथा महाराजपुर निवासी डेविल उर्फवंश ठाकुर, दुर्गेश चौधरी, उदय उर्फचौंगा ट्रक वाले से गाली गलौज करते हुये शराब पीने के लिये पैसों की मांग कर रहे थे,



# किशोरी का अपहरण कर ले जा रहा था बिहार



**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )।** जबलपुर में शहाबुद्दीन नामक युवक ने सुमित बनकर 14 वर्षीय नाबालिगा को भगाकर बिहार ले जा रहे युवक को पुलिस ने रेलवे स्टेशन गिरफ्तार कर लिया है. शहाबुद्दीन ने इंस्टाग्राम में अपना नाम सुमित बताते हुए नाबालिगा से दोस्ती की थी, इसके बाद साजिश के तहत नाबालिगा को बिहार लेकर जा रहा था. खबर है कि मुम्बई ने रहने वाले शहाबुद्दीन ने सुमित बनकर जबलपुर में रहने वाली नाबालिगा सोनम (परिवर्तित नाम) उम्र 14 वर्ष से सोशल मीडिया पर दोस्ती की, इसके बाद दोनों एक दूसरे से बातचीत करते रहे. करीब एक साल तक बातचीत होने के बाद सोनम से शादी करने का झांसा देते हुए अपने साथ चलने के लिए कहा. सोनम भी तैयार हो गई, 24 फरवरी को शहाबुद्दीन ने फोन पर सोनम से कहा कि वह जबलपुर पहुंच चुका है. रात तीन बजे के लगभग जब परिवार के सभी लोग गहरी नींद में सो रहे थे, इस दौरान सोनम घर से भाग गई. 25 फरवरी की सुबह जब परिजन पानी भरने के लिए उठे तो देखा कि सोनम अपने कमरे में नहीं है, उन्होने बड़ी बेटी से सोनम के बारे में पूछा तो वह भी स्तब्ध रह गई. सोनम के लापता होने से परिजनों से लेकर आसपास के लोगों में हड़कम्प मच गया. सभी लोग सोनम की तलाश में जुट गए. इस बीच सोनम की सहेली ने बताया कि वह किसी लड़के से मोबाइल फोन पर बातचीत करती रही. उसका मुम्बई जाने का प्लान था. बिना देर किए सभी लोग रेलवे स्टेशन पहुंच गए, यहां पर एनाउंसमेंट हुआ कि हावड़ा से मुम्बई जाने वाली ट्रेन प्लेटफार्म क्रमांक एक पर आ रही है, इतना सुनते ही सभी लोग एक नम्बर प्लेटफार्म की ओर भागे, देखा तो सोनम एक युवक के साथ सीढियों से उतर रही है. परिजनों व अन्य लोगों ने दोनों को पकड़कर पुलिस को खबर दी. मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों को हिरासत में ले लिया. पुलिस को पूछताछ में पता चला कि सोनम की बहन ने बताया था कि एक महीने पहले उसकी सहेली ने खबर दी थी कि सोनम स्कूल से छुट्टी होने के बाद घर आते वक्त किसी लड़के से फोन पर बातचीत करती रही.

इस बात का पता चलने पर परिजनों ने सोनम से मोबाइल छीनकर पूछताछ की तो पता चला कि वह किसी सुमित नामक के लड़के से बात करती है. इसके बाद भी सोनम ने बातचीत करना बंद नहीं किया वह छिपकर कभी भाई तो कभी मां का मोबाइल फोन लेकर सुमित से बातचीत करती रही. सुमित बनकर शहाबुद्दीन नामक युवक द्वारा नाबालिगा को अपने प्रेमजाल में फं साने की खबर मिलने पर हिन्दू सेवा परिषद के कार्यकर्ता गोरखपुर थाना पहुंच गए, जिन्होने आरोपी युवक के खिलाफ कड़ी कार्यवाही करने की मांग शुरु कर दी. परिषद के अध्यक्ष अतुल जैसवानी का कहना था कि यह लव-जिहाद व मानव तस्करी से जुड़ा मामला है, यह तो अच्छा हुआ कि समय रहते किशोरी को परिजनों ने बचा लिया. शहाबुद्दीन जैसे युवक हिन्दू लड़कियों को सोशल मीडिया के जरिए फंसाते है. पुलिस ने शहाबुद्दीन उर्फ सुमित के खिलाफ प्रकरण दर्ज लिया है. पुलिस का कहना है कि शहाबुद्दीन व किशोरी की इंस्टाग्राम पर दोस्ती हुई थी, इस दौरान शहाबुद्दीन ने किशोरी का अपना नाम सुमित बताया था. फिर बातचीत करते हुए शादी का झांसा देकर भागने के लिए तैयार किया था.

## जुआं खेलने की लत के कारण लाखों रुपए कर्ज होने की चर्चा

# पुलिस आरक्षक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या



**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )।** जबलपुर स्थित सुहागी अधारताल में किराए का मकान लेकर निवासरत पुलिस आरक्षक ब्रजेश बढ़पुर ने आज सुबह अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली. काफी देर तक कमरा बंद होने से परिजनों को संदेह हुआ अधारताल थाना पुलिस को खबर दी गई. मौके पर पहुंची पुलिस ने दरवाजा खोला तो देखा कि ब्रजेश फांसी के फंदे पर झूल रहा है. चर्चाओं में यह बात सामने आई है कि ब्रजेश को जुआं खेलने की लत रही, जिसके चलते उसपर लाखों रुपए का कर्ज रहा. खबर है कि विजय नगर थाना में पदस्थ आरक्षक ब्रजेश बढ़पुर रहा, लेकिन लगातार गैर हाजिर रहते हुए ड्यूटी पर न आने के कारण अधिकारियों ने थाना से हटाकर लाइन अटैच कर दिया था. ब्रजेश रात को घर आया और बिना भोजन किए अपने कमरे में जाकर सो गया, आज सुबह काफी देर तक दरवाजा न खुलने पर परिजन चिंतित हो गए, उन्होने दरवाजा खटखटाया लेकिन अंदर से कोई आवाज नहीं आई, पड़ोसी ने आकर भी आवाज लगाई. इसके बाद भी जब दरवाजा नहीं खोला गया तो अधारताल थाना पुलिस को सूचना दी गई. मौके पर पहुंची पुलिस ने किसी तरह दरवाजा खोला, देखा तो ब्रजेश फांसी के फंदे पर झूल रहा है. ब्रजेश द्वारा फांसी लगाए जाने की खबर क्षेत्र में आग की तरह फैल गई, देखते ही देखते आसपास के लोग एकत्र हो गए. पुलिस को पूछताछ में यह जानकारी लगी कि ब्रजेश जुआं खेलने का आदी रहा, जिसके चलते ब्रजेश पर लाखों रुपए का कर्ज हो गया था. इस कर्ज के कारण ब्रजेश परेशान रहता था.

## स्लीपर बोगियां ठसाठस, जनरल जैसे हो गए एसी कोच

# अब प्रयागराजसे लौटने वालों की भीड़



**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )।** महाकुंभ में अंतिम स्नान पर्व के साथ ही ट्रेन में यात्रियों की भीड़ का रुख बदल गया है। बुधवार रात से प्रयागराज से जबलपुर की ओर आने वाली ट्रेनों में यात्री दबाव बढ़ गया है। महाकुंभ से लौटने वाले श्रद्धालुओं की भीड़ से लंबी दूरी की ट्रेन के वातानुकूलित कोच की स्थित जनरल जैसी बन गई है।

स्लीपर कोच भी यात्रियों से ठसाठस भरे हुए है। घर आने की हड़बड़ी में अनारक्षित टिकिट लेकर यात्री आरक्षित कोच में चढ़ रहे है। इनकी संख्या अधिक होने से महीनों आरक्षण कराने वाले यात्रियों में आक्रोश पनप रहा है।

ठसाठस भरकर आ रही महाकुंभ स्पेशल ट्रेनें

आरक्षित कोचों में क्षमता से अधिक यात्री होने से स्टेशन से ट्रेन में चढ़ने-उतरने में भी यात्री परेशानी से जूझ रहे है। वहीं, यात्रियों की सुविधा के लिए प्रयागराज से अनारक्षित स्पेशल ट्रेन चलाई जा रही है। ये ट्रेनें ठसाठस भरकर आ रही है।

प्रयागराज रेलवे स्टेशन पर श्रृद्धालुओं की भीड़ नियंत्रित करने के लिए जबलपुर होकर चलने वाली कुछ ट्रेनों का मार्ग परिवर्तित किया गया है। इसके कारण भी लंबी दूरी की जबलपुर होकर जाने वाली अन्य ट्रेनों में श्रृद्धालुओं की भीड़ बढ़ गई है। बीच के स्टेशनों से एक्सप्रेस ट्रेन में टिकट आरक्षित कराने वाले यात्री कई बार भीड़ के कारण ट्रेन में सवार होने से चूक रहे हैं। वहीं, दरवाजे तक भीड़ होने के कारण यात्रियों गंतव्य में उतरने के लिए कोच की आपातकालीन खिड़की से बाहर आने की नौबत बन रही है।

प्रयागराज से जबलपुर रेलखंड में सतना और कटनी तक भीड़ का दबाव अधिक है। बुधवार को भी प्रयागराज से जबलपुर की ओर स्पेशल ट्रेन संचालित की गई है।

# शादी समारोह में युवक की हत्या करने वाले सगे भाई गिरफ्तार

**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )।** जबलपुर स्थित शक्ति नगर गढ़ा में आयोजित शादी समारोह में अभिषेक रजक नामक युवकी हत्या के मामले में फरार सगे भाई करन-अर्जुन को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है. अभिषेक की उस वक्त हत्या कर दी गई जब वह विवाद सुलझाने के लिए समझाइश दे रहा था. पुलिस अधिकारियों के अनुसार अधारताल से 18 फरवरी को बारात शक्ति नगर गढ़ा आई थी, जिसमें शामिल अभिषेक रजक शामिल हुआ. बारात जब विवाह स्थल पर पहुंची, इस दौरान कु छ युवकों के बीच चल रहे विवाद को देख अभिषेक बीच बचाव करने के लिए पहुंच गया. जिसे देख सगे भाई करन व अर्जुन भड़क गए और अभिषेक के साथ मारपीट करते हुए चाकू से हमला कर दिया. हमले में अभिषेक के पेट व जांघ में गंभीर चोटें आई. जिसे तत्काल मेडिकल अस्पताल पहुंचाया. जहां पर अभिषेक को जांच के दौरान डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया. मौके पर पहुंची पुलिस ने पूछताछ के बाद हमलावरों की सरगर्मी से तलाश शुरु कर दी, जिन्हे आज दबिश देकर पकड़ लिया गया. जबलपुर. थाना सिहोरा में शैलेन्द्र गौंड़ ठाकुर उम्र 29 वर्ष निवासी चौथई बरगी सिहोरा ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि मजदूरी करता है दिनांक 26-2-25 की रात लगभग 9 बजे वह अपने भाई भोला उर्फ अरविन्द गोंड़ ठाकुर के साथ सौरभ यादव के घर के पीछे के मैदान में बैठकर शराब पी रहे थे तभी वहां पर सौरभ यादव आकर गाली गलोज करते हुये जातिगत शब्दों का प्रयोग बोला कि यहां फालतू क्यों बैठे हो अपने घर क्यों नहीं जा रहे हो शोर मचा रहे हो,

# अवैध शराब के कारोबार में लिप्त 3 आरोपी गिरफ्तार

**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )।** थाना प्रभारी बेलबाग श्री प्रवीण कुमरे ने बताया कि देर रात्रि मुखबिर से सूचना मिली कि तीन व्यक्ति जिला पंचायत कार्यालय के पास रोड़ किनारे अवैध रूप से एक नीले रंग की जुपिटर में सफेद रंग की प्लास्टिक की बोरियों में भारी मात्रा में शराब लिये खड़े हैं सूचना पर मुखबिर के बताये स्थान पर दबिश दी गई जहां बिना नम्बर की नीले रंग की टीव्ही एस कम्पनी की जुपिटर में तीन व्यक्ति सफेद रंग की प्लास्टिक की बोरियों लिये खड़े थे जिन्हें घेराबंदी कर पकड़ा नाम पता पूछने पर अपने नाम क्रमशः अशरफ अली उर्फ बउआ उम्र 32 वर्ष निवासी मोह. गोलू अंसारी उर्फ अच्ची उम्र 21 वर्ष, शहबाज अंसारी उर्फ भैया उम्र 24 वर्ष सभी निवासी 10 नल के पास गाजी नगर गोहलपुर बताये जो


**कार्यालय नगर परिषद भेड़ाघाट जिला जबलपुर (म.प्र.)**

फोन नं. -0761-2830418 ईमेल- cmobhedaghat@mpurban.gov.in, Website : www.npbhedaghat.com

क्र. 2394/पीडब्ल्यूडी/एनपी/2025 — **// निविदा सूचना //** — भेड़ाघाट, दिनांक : 24.02.2025

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑन लाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| टेंडर क्र. जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं ईएमडी | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 2025_UAD_405029_1 दिनांक : 25.02.2015 | मुख्यमंत्री शहरी अधोसंरचना विकास (चतुर्थ चरण) योजनांतर्गत विभिन्न निर्माण कार्य। | 12 माह 1,65,41,892/- | 12,500/- 82,800/- | 02.04.2025 |
| 2025_UAD_405031_1 दिनांक : 25.02.2015 | मुख्यमंत्री शहरी अधोसंरचना विकास योजना (चतुर्थ चरण) राज्य शासन की घोषणा क्र. सी.- 2516 के अंतर्गत विभिन्न वार्डों में विकास एवं निर्माण कार्य। | 06 माह 50,13,891/- | 10,000/- 37,700/- | 02.04.2025 |

शर्त :- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://www.mptenders.gov.in की वेबसाइट पर ही प्रकाशित किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगर परिषद भेड़ाघाट**

---

**नगर पालिक निगम, जबलपुर जोन क्र.-07 अधारताल जबलपुर म.प्र.**

क्र./सं.अधि./07/M./E.N.P.No/ - 193 2024-2025 दिनांक 25/02/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है,कि क्रेता **श्रीमती उषा गुप्ता, पति श्री गोपी गुप्ता, पिता- स्व. श्री छोटे लाल गुप्ता,** ने भवन क्रंमाक 2376/2 का भाग , संपत्ति कर/ पिन नं. 1000434220 जलकर पिन नं. ......., पर **विक्रेतागण/ पंजीकृत गृहस्वामी** -श्रीमती सोना देवी गुप्ता, पति स्व. श्री छोटे लाल गुप्ता, **वार्ड निर्मल चंद जैन वार्ड ,** निर्मित क्षेत्रफल 2400 व.फु., विक्रय प्लाट रकवा 720 व.फु., **विक्रयपत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, शपथपत्र, वसीयतनामा,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त भवन क्रमांक पर दर्ज प्रविष्टि के स्थान/ क्रय भाग पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया गया है, जिस किसी को उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन तिथि से 15 दिन के अंदर **संभागीय कार्यालय क्रमांक 07** में प्रमाण एवं दस्तावेजों के साथ आपत्ति प्रस्तुत करें।

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-7,अधारताल नगर निगम जबलपुर**

---

**नगर पालिक निगम, जबलपुर जोन क्र.-07 अधारताल जबलपुर म.प्र.**

क्र./सं.अधि./07/M./E.N.P.No/ - 194 2024-2025 दिनांक 25/02/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है,कि क्रेता **श्री विजय गुप्ता, पिता - स्व. श्री छोटे लाल गुप्ता,** ने भवन क्रंमाक 2376/2 , संपत्ति कर/ पिन नं. 1000434220 जलकर पिन नं. ......., पर **विक्रेतागण/ पंजीकृत गृहस्वामी** -श्रीमती सोना देवी गुप्ता, पति स्व. श्री छोटे लाल गुप्ता, **वार्ड निर्मल चंद जैन वार्ड ,** निर्मित क्षेत्रफल 2400 व.फु., विक्रय प्लाट रकवा 1680 व.फु., **विक्रयपत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, शपथपत्र, वसीयतनामा,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त भवन क्रमांक पर दर्ज प्रविष्टि के स्थान/ क्रय भाग पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया गया है, जिस किसी को उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन तिथि से 15 दिन के अंदर **संभागीय कार्यालय क्रमांक 07** में प्रमाण एवं दस्तावेजों के साथ आपत्ति प्रस्तुत करें।

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-7,अधारताल नगर निगम जबलपुर**

---

**नगर पालिक निगम, जबलपुर जोन क्र.-07 अधारताल जबलपुर म.प्र.**

क्र./सं.अधि./07/M./E.N.P.No/ - 192 2024-2025 दिनांक 25/02/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है,कि क्रेता **श्री अजय गुप्ता, पिता - स्व. श्री छोटे लाल गुप्ता,** ने भवन क्रंमाक 2289 , संपत्ति कर/ पिन नं. 1000434174 जलकर पिन नं. ......., पर **विक्रेतागण/ पंजीकृत गृहस्वामी** -श्रीमती सोना देवी गुप्ता, पति स्व. श्री छोटे लाल गुप्ता, **वार्ड निर्मल चंद जैन वार्ड ,** निर्मित क्षेत्रफल 1200 व.फु., विक्रय प्लाट रकवा 600 व.फु., **विक्रयपत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, शपथपत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त भवन क्रमांक पर दर्ज प्रविष्टि के स्थान/ क्रय भाग पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया गया है, जिस किसी को उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन तिथि से 15 दिन के अंदर **संभागीय कार्यालय क्रमांक 07** में प्रमाण एवं दस्तावेजों के साथ आपत्ति प्रस्तुत करें।

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-7,अधारताल नगर निगम जबलपुर**

---

**नगर पालिक निगम, जबलपुर जोन क्र.-07 अधारताल जबलपुर म.प्र.**

क्र./सं.अधि./07/M./E.N.P.No/ - 191 2024-2025 दिनांक 25/02/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है,कि क्रेता **श्री विजय गुप्ता, पिता - स्व. श्री छोटे लाल गुप्ता,** ने भवन क्रंमाक 2289 का भाग , संपत्ति कर/ पिन नं. 1000434174 जलकर पिन नं. ......., पर **विक्रेतागण/ पंजीकृत गृहस्वामी** -श्रीमती सोना देवी गुप्ता, पति स्व. श्री छोटे लाल गुप्ता, **वार्ड निर्मल चंद जैन वार्ड ,** निर्मित क्षेत्रफल 1200 व.फु., विक्रय प्लाट रकवा 600 व.फु., **विक्रयपत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, शपथपत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त भवन क्रमांक पर दर्ज प्रविष्टि के स्थान/ क्रय भाग पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया गया है, जिस किसी को उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन तिथि से 15 दिन के अंदर **संभागीय कार्यालय क्रमांक 07** में प्रमाण एवं दस्तावेजों के साथ आपत्ति प्रस्तुत करें।

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-7,अधारताल नगर निगम जबलपुर**

---

**नगर पालिक निगम, जबलपुर जोन क्र.-07 अधारताल जबलपुर म.प्र.**

क्र./सं.अधि./07/M./E.N.P.No/ - 190 2024-2025 दिनांक 19/02/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है,कि क्रेता **श्री अखिलेश तिवारी, पिता- स्व. श्री कैलाश चन्द्र तिवारी ,** ने भवन क्रंमाक 1647, संपत्ति कर/ पिन नं. 1000429928 जलकर पिन नं. ......., पर **विक्रेतागण/ पंजीकृत गृहस्वामी** -श्री कैलाश चन्द्र तिवारी, पिता श्री जीवन लाल तिवारी, **वार्ड निर्मल चंद जैन वार्ड ,** निर्मित भूतल 1445 व.फु. आर.सी.सी., भूतल 313 व.फु. आ. किरायेदार, **विक्रयपत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, शपथपत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त भवन क्रमांक पर दर्ज प्रविष्टि के स्थान/ क्रय भाग पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया गया है, जिस किसी को उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन तिथि से 15 दिन के अंदर **संभागीय कार्यालय क्रमांक 07** में प्रमाण एवं दस्तावेजों के साथ आपत्ति प्रस्तुत करें।

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-7,अधारताल नगर निगम जबलपुर**

---

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-2,कछपुरा नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि./04/कछपुरा 2024 / एम./ Q 409 दिनांक 26.02.2025

**भवन नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है,कि 1. **श्री सुनील कुमार चड़ार, पिता- श्री प्रेमलाल चड़ार, 2. श्री अनिल कुमार चड़ार, पिता श्री प्रेमलाल चड़ार** ने मकान नं. 2632 सम्पत्ति पिन नं. 1000478745 **वार्ड रानी दुर्गावती वार्ड ,** भूतल 396 व.फु., **शपथपत्र** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय **संभाग क्रमांक -2 कछपुरा** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग-2 कछपुरा नगर निगम जबलपुर**

---

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-2,कछपुरा नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि./04/कछपुरा 2024 / एम./ Q 408 दिनांक 26.02.2025

**भवन नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है,कि **श्री ललित कुमार दुबे, पिता- स्व. श्री तोपश्वरी कुमार दुबे** ने मकान नं. 2236 सम्पत्ति पिन नं. 1003906892 **वार्ड मदन महल वार्ड ,** क्षेत्रफल 930 व.फु., **दानपत्र** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय **संभाग क्रमांक -2 कछपुरा** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग-2 कछपुरा नगर निगम जबलपुर**

---

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-2,कछपुरा नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि./04/कछपुरा 2024 / एम./ Q 407 दिनांक 26.02.2025

**भवन नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है,कि **श्री सचिन कुमार दुबे, पिता- स्व. श्री तापेश्वरी कुमार दुबे** ने मकान नं. प्लाट नं. 74 सम्पत्ति पिन नं. 1000495620 **वार्ड मदन महल वार्ड ,** क्षेत्रफल 1100 व.फु., भूतल 783 व.फु., प्रथमतल 983 व.फु., द्वितीयतल 652 व.फु., **दानपत्र** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय **संभाग क्रमांक -2 कछपुरा** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग-2 कछपुरा नगर निगम जबलपुर**

---

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-04,छोटी लाईन फाटक गोरखपुर नगर पालिक निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि/04/एम/316 2024-25 दिनांक 27/02/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है,कि संपत्तिकर पिन नं. **1000512152** में पंजीकृत भवन स्वामी **श्री बोधराज खेर, पिता- स्व. श्री उत्तम चंद खेर** के स्थान पर आवेदक **श्रीमती स्वाती दीक्षित, पति श्री अभिषेक कुमार दीक्षित** ने **मकान नं.फ्लेट नं. 301 वार्ड क्र.-13 ,........ वार्ड,** प्लाट क्षेत्रफल 485 व.फु., तृतीयतल 1050 व.फु., **दस्तावेज- पंजीकृत विक्रयपत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया हैं। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर **संभागीय कार्यालय क्रमांक-04 छोटी लाईन फाटक गोरखपुर** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-04 नगर निगम जबलपुर**

---

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-04,छोटी लाईन फाटक गोरखपुर नगर पालिक निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि/04/एम/315 2024-25 दिनांक 26/02/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है,कि संपत्तिकर पिन नं. **1000510862** में पंजीकृत भवन स्वामी **श्री अखिलेश भार्गव/ श्री दाताराम भार्गव** के स्थान पर आवेदक **श्री अजय कुमार शर्मा, पिता स्व. श्री देवप्रिय शर्मा** ने **मकान नं.1708/ 415 चन्द्रिका परिसर वार्ड क्र.-13 ,........ वार्ड,** तृतीयतल 800 व.फु., **दस्तावेज- विक्रयपत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया हैं। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर **संभागीय कार्यालय क्रमांक-04 छोटी लाईन फाटक गोरखपुर** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-04 नगर निगम जबलपुर**

---

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-04,छोटी लाईन फाटक गोरखपुर नगर पालिक निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि/04/एम/314 2024-25 दिनांक 26/02/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है,कि संपत्तिकर पिन नं. **1000509435** में पंजीकृत भवन स्वामी **श्री महेश कुमार जेसवानी, अमर जैसवानी, अनिल जेसवानी** के स्थान पर आवेदक **श्रीमती कृष्णा गुनानी, पति- श्री शंकर लाल गुनानी** ने **मकान नं. 685/ शॉप नं.- 04 वार्ड क्र.-12 ,........ वार्ड,** भूतल 190 व.फु., मेजनाईन- 190 व.फु., **दस्तावेज- पंजीकृत विक्रयपत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया हैं। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर **संभागीय कार्यालय क्रमांक-04 छोटी लाईन फाटक गोरखपुर** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-04 नगर निगम जबलपुर**

---

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-04,छोटी लाईन फाटक गोरखपुर नगर पालिक निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि/04/एम/312 2024-25 दिनांक 26/02/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है,कि संपत्तिकर पिन नं. **1003085781** में पंजीकृत भवन स्वामी **श्री कल्याणिका प्रोमोटर्स एण्ड डेव्लपर्स प्रा.लि.** के स्थान पर आवेदक **श्री मनोज कुमार श्रीवास्तव, पिता स्व. श्री लालता प्रसाद श्रीवास्तव एवं श्रीमती मिताली श्रीवास्तव, पति श्री मनोज कुमार श्रीवास्तव** ने **मकान नं. 1316/1 का भाग, ब्लाक डी., एफ.नं.- 102 वार्ड क्र.-13 ,........ वार्ड,** प्रथमतल 1184 व.फु., **दस्तावेज- पंजीकृत विक्रयपत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया हैं। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर **संभागीय कार्यालय क्रमांक-04 छोटी लाईन फाटक गोरखपुर** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-04 नगर निगम जबलपुर**

---

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-04,छोटी लाईन फाटक गोरखपुर नगर पालिक निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि/04/एम/311 2024-25 दिनांक 26/02/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है,कि संपत्तिकर पिन नं. **1000504781** में पंजीकृत भवन स्वामी **श्री उधवराज सिंह** के स्थान पर आवेदक **श्रीमती शीला पटेल, पति श्री छोटेवीर पटेल** ने **मकान नं. 836/4 चन्द्रिका होम्स वार्ड क्र.-14 ,नरसिंह वार्ड,** प्लाट क्षेत्रफल 600 व.फु., भूतल 550 व.फु., प्रथमतल 550 व.फु., **दस्तावेज- विक्रयपत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया हैं। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर **संभागीय कार्यालय क्रमांक-04 छोटी लाईन फाटक गोरखपुर** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-04 नगर निगम जबलपुर**

---

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-04,छोटी लाईन फाटक गोरखपुर नगर पालिक निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि/04/एम/310 2024-25 दिनांक 26/02/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है,कि संपत्तिकर पिन नं. **1000503547** में पंजीकृत भवन स्वामी **श्रीमती सरोज मौर्य, पति- श्री गोवर्धन मौर्य** के स्थान पर आवेदक **श्रीमती छाया एम्मानुएल** ने **मकान नं. 520 आमनपुर वार्ड क्र.-14 ,.......... वार्ड,** प्लाट क्षेत्रफल 1004 व.फु., भूतल 850 व.फु., प्रथमतल 820 व.फु., **दस्तावेज- विक्रयपत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया हैं। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर **संभागीय कार्यालय क्रमांक-04 छोटी लाईन फाटक गोरखपुर** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-04 नगर निगम जबलपुर**

---

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-04,छोटी लाईन फाटक गोरखपुर नगर पालिक निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि/04/एम/309 2024-25 दिनांक 26/02/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है,कि संपत्तिकर पिन नं. **1004397741** में पंजीकृत भवन स्वामी **श्रीमती कीर्ति हुड्डा, पति- जितेन्द्र कुमार हुड्डा** के स्थान पर आवेदक **श्री प्रियांशु जैन, पिता- रमेश जैन,** ने **मकान नं. 863/डी-01 वार्ड क्र.-14 ,.......... वार्ड,** प्लाट क्षेत्रफल 960 व.फु., भूतल 800 व.फु., प्रथमतल 800 व.फु., **दस्तावेज- विक्रयपत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया हैं। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर **संभागीय कार्यालय क्रमांक-04 छोटी लाईन फाटक गोरखपुर** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-04 नगर निगम जबलपुर**

---

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-14, विजय नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.क्र./14/विजयनगर 2024/25/एम/237 दिनांक 27.02.2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्री सतीश कुमार चौहान, पिता- स्व. श्री लक्ष्मण सिंह, श्री क्षितिज चौहान एवं अकांक्षा चौहान, पिता श्री सतीश कुमार चौहान** ने मकान नं. 29ध/6 **वार्ड चेरीताल वार्ड,** क्षेत्रफल 960 व.फु., भूतल 960 व.फु., भूतल 260 व.फु., **विक्रयपत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशनं की तिथि से 15 दिन के अंदर **कार्यालय संभाग क्रमांक-14 दमोहनाका** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग-14 दमोहनाका नगर निगम जबलपुर**


स्वात्ताधिकारी मुद्रक प्रकाशक कृष्णकांत सक्सेना की ओर से श्री बालाजी प्रिंटर्स, प्लाट नं.21,सेक्टर-एच,इंडस्ट्रियल एरिया,गोविंदपुरा भोपाल से मुद्रित तथा मकान नंबर 358 साठियां कुंआ जबलपुर से प्रकाशित। ब्यूरो प्रमुख श्री विलक्षण सक्सेना, सभी विवादों का न्याय क्षेत्र जबलपुर रहेगा। मो.नं. 9300696096, भोपाल 9425025999